हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 9 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

13 धमधा अस्पताल परिसर में नाली जाम बदबू और मच्छरों से मरीज परेशान



13 छात्रों को बताया प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर








## खबर संक्षेप

### कॉपर तार चोरी करने वाले सात गिरफ्तार



**भिलाई।** रसमड़ा उद्योगिक क्षेत्र से कॉपर चोरी करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीवी इंफ्राप्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंडस्ट्रीयल एरिया में सब स्टेशन कल्याणी कंपनी में निर्माण के लिए एशियन केबल कॉपर गोदाम में रखा गया था। वहां से 100 मीटर तार करीब 6 लाख रुपए की चोरी हुई। अंजोरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान पुलगांव चौक में टाटा-एस सीजी 7 सी एक्स 5138 में तिरपाल से ढका सामान निकल रहा था। आरोपियों ने अपना नाम बंजारी पारा उतई निवासी हेमराज ढीमर बताया है। आरोपी ने घटना को अंजाम गायत्री नगर डूंडेरा केवेन्द्र पटेल, बजरंग चौक जोरा उतई किशन कुमार ठाकुर, शंकर नगर डूंडेरा रहमान लाल श्रीवास, धोबीपारा नेवई देवेंद्र निर्मलकर, ओम प्रकाश यादव,बजरंग चौक उतई निखिल कुमार साहू के साथ मिलकर करना स्वीकार किया।

## डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन की फाइलों पर धूल, एजेंसी पर भ्रष्टाचार के भी आरोप

# सीएसवीटीयू में खिलवाड़... एमपी कॉन और सीईएल की लापरवाही से छात्रों का भविष्य अधर में, खुले में फेंकी मिल रही है डिग्री

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में छात्रों की डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन से जुड़ी सैकड़ों फाइलें महीनों से लंबित हैं। विश्वविद्यालय में कार्यरत ठेका एजेंसियां एमपी कॉन और सीईएल पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। हाल यह है कि आवेदन देने के महीनों बाद भी न तो डिग्री मिल रही है, न ही माइग्रेशन प्रमाणपत्र। विद्यार्थियों को हर बार एक ही जवाब मिलता है कि सर्वर डाउन है, हेड ऑफिस को शिकायत भेज दी गई है। हैरत की बात यह है कि इन एजेंसियों की लापरवाही की वजह से विश्वविद्यालय परिसर के बाहर उत्तरपुस्तिकाएं और कोरी डिग्री भी कूड़े में डाली हुई मिली है।

खास खबर



### केस 1
### उत्तरपुस्तिका स्कैनिंग में भी गड़बड़ी

सूत्रों के मुताबिक दूसरी एजेंसी सीईएल पर उत्तरपुस्तिका स्कैनिंग में भारी गड़बड़ी के आरोप हैं। छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएँ आपस में मिक्स हो रही हैं, जिससे गलत रिजल्ट जारी हो रहे हैं। कोविड-19 के दौरान, जब परीक्षा पूरी तरह ऑनलाइन हुई थी, उस समय भी सीईएल ने स्कैनिंग और मास्किंग के नाम पर फर्जी बिलों का भुगतान उठाया जबकि उत्तरपुस्तिकाएं छात्रों ने स्वयं अपलोड की थीं।

### केस 2
### कूड़ेदान में मिल रही फाइलें

सूत्रों के मुताबिक एमपी कॉन के कर्मचारी छात्रों के आवेदन पत्रों को टेबल पर फैलाकर वहीं खाना खाते हैं और बाद में कई फाइलें कूड़ेदान में फेंक दी जाती हैं। यह भी आरोप है कि विश्वविद्यालय की बहुमूल्य संपत्ति डिग्री प्रिंटिंग में उपयोग होने वाले सिक्योर पेपर को भी बर्बाद किया जा रहा है।

### डिग्रियां यूनिवर्सिटी के खुले में मिली



सीएसवीटीयू परिसर के बाहर इस तरह कूड़े में पड़े हैं दस्तावेज।

विश्वविद्यालय के बाहर डिग्री भी खुले में मिली है। जहां कूड़े करकट फेंके गए हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठेका एजेंसी कितनी गंभीर रूप से अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचा रही है। ऐसे संवेदनशील व गंभीर कार्य में इतनी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है जिससे विद्यार्थियों का भविष्य गर्त में जा सकता है।

एनएसयूआई के छात्र नेता गुरलीन सिंह, निखिल चौबे, इमाम खान द्वारा आरोप लगाया गया है कि विश्वविद्यालय में फेल–पास का धंधा चल रहा है। उनका कहना है कि कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से "फेल–पास" करने का अवैध कारोबार भी चल रहा है। छात्रों से पैसे लेकर परिणाम में फेरबदल के आरोप सामने आए हैं। उनका कहना है कि परीक्षा परिणाम में हेरफेर से लेकर फर्जी बिल पास करने तक, एजेंसियाँ विश्वविद्यालय को करोड़ों का नुकसान पहुँचा रही हैं।

### जवाबदेही तय करने की मांग

छात्र संगठनों और शिक्षकों ने राज्य सरकार एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से मांग की है कि एमपी कॉन और सीईएल की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। लंबित डिग्रियों और प्रमाणपत्रों का त्वरित निपटारा हो, और भविष्य में ऐसी निजी एजेंसियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए। छात्रों की मेहनत और भविष्य के साथ इस तरह की लापरवाही न केवल तकनीकी शिक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है, बल्कि विवि प्रशासन की जवाबदेही पर भी। छात्र संगठनों का कहना है यदि शासन ने त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो यह मामला जल्द ही छात्र आंदोलन का रूप ले सकता है।

### शिकायत आई है इसकी जांच करवाएंगे

डिग्री को लेकर एमपी कॉन की शिकायत आई है। इसकी जांच करवाएंगे। माइग्रेशन, मार्कशीट से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए सीईएल को सख्त हिदायत दी गई है।

**डॉ. अरूण अरोरा,** कुलपति सीएसवीटीयू

### स्कूली और ट्रैवलिंग बसों की हुई जांच



**भिलाई।** ऑपरेशन सुरक्षा और स्कूली ट्रैवलिंग बसो की जांच ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया। अलग-अलग टीमों का गठन कर स्कूली बसों के साथ-साथ टूर एवं ट्रैवलिंग बसों की जांच कर यात्रियों, व स्कूली बच्चों की सुरक्षा को पुख्ता किया जा रहा है। जांच के दौरान बसों में फिटनेस प्रमाणपत्र, वैद्य परमिट, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स, ओवरलोडिंग, आपातकालीन निकास ,चालक की अनुशासनात्मक स्थिति की सावधानी पूर्वक जांच की गई। ट्रैवलिंग बसों पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनश्चिति किया गया। यात्रियों की लंबी दूरी की यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया। कुल 35 बसों पर चालानी कार्रवाई कर 90 हजार रुपए संकलन किया गया। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि यह जांच आगे भी जारी रहेगी।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रंजिश और आपसी लेनेदेन के चलते विवाहित की हत्या करने वाले दस युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि शीतला नगर दुर्ग निवासी शुक्रवार रात वेदुरवाडा संतोष आचारी नामक व्यक्ति को रुपए के लेनदेन और पुरानी रंजिश के चलते आठ युवकों ने मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले गैस कटर से मकान का दरवाजा काटा उसके बाद संतोष को बाहर निकाला। उसके बाद संतोष के कपड़े उतारकर सड़क पर नंगा घुमाया और बुरी तरह पीटा। संतोष को सदर बाजार ले जाकर धारदार हथियार और पत्थर मारकर हत्या कर आरोपी फरार हो गए। संतोष को रात 3 बजे दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। 7 नवंबर की दोपहर 1.30 बजे गांधी चौक के पास प्रथम सोनी खड़ा था। तभी संतोष आया और उसे गाली देने लगा। प्रथम ने विरोध किया तो संतोष ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद शाम को फिर विवाद हो गया।



### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में दुर्ग के रहने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान चैतराम सोनी, मनीष सोनी, तरुण सोनी, शिवा सोनी, अनिल कुमार यादव, हीरा सोनी, अमन उर्फ टिकेन्द्र तिवारी, राहुल ढीमर, घनश्याम ढीमर, योगेश ठाकुर के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आरोपी गिरफ्तार

हत्या के मामले में पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुरानी रंजिश व रुपए के लेनदेन के चलते हत्या की गई है। शुक्रवार रात की घटना है। पुलिस आरोपियों को तुरंत ट्रेस कर लिया है।

-**सुखनंदन राठौर,** एएसपी शहर

## दुर्ग-हरिद्वार- दुर्ग के बीच 2-2 फेरे, चार ट्रिप के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा तथा उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुनिश्चित करने स्पेशल गाड़ी 08743/ 08744 दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य दो-दो फेरे के लिये चलाई जा रही है। यह गाड़ी दुर्ग से 08743 नंम्बर के साथ 9 व 16 नवम्बर को तथा हरिद्वार से 08744 नम्बर के साथ 10 एवं 17 नवम्बर को चलेगी। इस गाड़ी में सभी श्रेणी में पर्याप्त संख्या में सीटें उपलब्ध है। यात्री अपनी सुविधा अनुसार आरक्षण कर आरक्षित सीट का लाभ उठा सकते हैं। गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग से 11 बजे रवाना होकर रायपुर 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर 13.45 बजे, पेंड्रा रोड 15.13 बजे, कटनी मुड़वारा 19.20 बजे, अगले दिन 7.05 बजे आगरा कैंट होते हुए 11.10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन और 15.40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार से रात 9 बजे रवाना होकर 2:15 बजे हजरत निजामुद्दीन, 5 बजे आगरा कैंट, शाम 5.35 बजे कटनी मुड़वारा जंक्शन, रात 9.10 बजे पेंड्रा रोड, रात 11.40 बजे उसलापुर होते हुए अगले दिन 00.40 बजे भाटापारा 1.40 बजे रायपुर 3:00 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी , 7 सामान्य, 8 स्लीपर, 1 एसी-थ्री सह एसी टू सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

### अंडर ब्रिज निर्माण के बाद समपार फाटक डीडी 5 एवं डीडी 40 स्थायी रूप से होगी बंद

रायपुर रेल मंडल दुर्ग-ताडोकी खंड में दुर्ग-मरोदा स्टेशनों के मध्य मानव सहित समपार डीडी-5 (बोरसी गेट) किमी 871/2-3 एवं गुंडरदेही-लाटाबोर स्टेशनों के मध्य डीडी-40 जुनवानी गेट, किमी 911/6-7 पर स्थित है। इसे रोड अंडर ब्रिज निर्माण के उपरांत समपार फाटक डीडी-05 को 25 नवंबर एवं डीडी-40 को 15 नवंबर मध्यरात्रि 12 बजे से स्थायी रूप में बंद कर दिया जाएगा ।






## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल के मातृत्व शिशु वार्ड में बेड व डॉक्टरों की कमी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के मातृत्व शिशु विभाग में बढ़ते प्रसूति मामलों के बीच अब बेड और गायनिक डॉक्टरों की कमी गंभीर समस्या बन गई है। सौ बिस्तर वाले इस विभाग में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कई बार प्रसूता महिलाओं को रेफर करना पड़ रहा है। वर्तमान में विभाग में चार गायनिक डॉक्टर कार्यरत हैं, जिनमें से एक डॉक्टर अगले महीने सेवानिवृत्त हो रही हैं। डॉक्टरों की संख्या घटने से मरीजों को दी जाने वाली सेवा पर असर पड़ सकता है। अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि निर्धारित बेड से अधिक प्रसूताएं भर्ती होती हैं, जिसके कारण रेफरल बढ़ रहे हैं, खासकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। कलेक्टर ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

### स्टूडेंट्स ने जाना टमाटर और गोभी की नर्सरी लगाना



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा दुर्ग के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यमिता विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों के समक्ष मृदा परिक्षण एवं टमाटर और गोभी का नर्सरी बनाने की विधि का प्रदर्शन आदर्श ग्राम कोरिया में उन्नत सील किसान नविन चंद्राकर के घर में किया। मृदा परीक्षण की जानकारी किसानों को किट के माध्यम से दी गई। वहीं विद्यार्थियों द्वारा किसानों की शंका का समाधान भी किया गया। पूर्वा, दिव्या, नीरज, श्याम, दोजेश, नीरज द्वारा मृदा परीक्षण की जानकारी दी गई। टमाटर एवं गोभी की नर्सरी का विधि प्रदर्शन अनन्या, नारायणी, सुजीत, प्रदीप, धनंजय ने किया। इस कार्यक्रम में रावे समन्वयक विवेक पांडेय, प्रदीप कुमार साहू, ट्विंकल सिन्हा के आलावा गांव के किसान गुलाब चंद्राकर, रामेश्वर चंद्राकर, रेख राज चंद्राकर, रोहित साहू, धर्मेंदर साहू, लखन निषाद, रेख बाई निषाद, पुकरेश्वर प्रसाद उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवम्बर को

**दुर्ग।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों हेतु जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवंबर को नगर निगम भिलाई में स्थित सभागार कक्ष क्रमांक 2 में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिले को चयनित किया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में कुल 1,72,174 खातों में कुल राशि 65.59 करोड़ है । इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किये जाएंगे।

# 1.54 करोड़ के घोटाले के बाद रि-टेंडर, 6 माह में काम होना था पूरा, लेकिन दो साल बाद भी अधूरा, कॉलेज को वेटनरी काउंसिल से नहीं मिल पाई मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई


कामधेनु में भवन निर्माण घोटाला, बिल में डेढ़ करोड़ की अफरा-तफरी
हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई
ईई और एसई की रिपोर्ट, गड़बड़ी
कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में भवन

प्रकाशित खबर 8 नवंबर 2025

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिलासपुर वेटनरी कॉलेज कैम्पस में बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के दौरान 1.54 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद भी कहीं कोई कार्रवाई पिछले तीन साल में नहीं हुई है। खास बात यह है कि 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत यह काम 8 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। गौरी कंस्ट्रक्शन और अशोक केजरीवाल कार्य एजेंसी के भागने के बाद करीब 2 साल पहले अधूरे कामों का करीब 5.25 करोड़ में रि-टेंडर किया गया। इसके बाद गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण का काम सारासार एसोसिएट्स को 3.25 करोड़ में दिया गया। वहीं बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियएम का काम 2 करोड़ में एके सिंह को दिया गया। 6 महीने में इन कामों को पूरा किया जाना था, जो दो साल बाद भी अधूरा है। करीब 35 प्रतिशत काम अब तक नहीं हो पाया है। बॉयस और गर्ल्स हॉस्टल के अलावा आवासों का काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन टीवीसीसी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम का काम अधूरा है। बता दें कि के काम अब भी उपअभियंता (परिवीक्षा) उल्लास अरविंद देशमुख की देखरेख में जारी है। जबकि 1.54 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में ईई और चीफ इंजीयरिंग की रिपोर्ट में उन्हें आर्थिक अनियमितता का दोषी माना गया है। घोटाले की वजह से कामधेनु यूनिवर्सिटी को बिलासपुर वेटनरी कॉलेज की मान्यता अब तक नहीं मिल पाई है। नवंबर 2024 और अक्टूबर 2025 में वेटनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया की टीम दो बार कॉलेज कैम्पस का दौरा भी कर चुकी है, लेकिन कार्यों में अनियमितता और अधूरे निर्माण की वजह से अब तक नहीं मान्यता नहीं

### अनियमितता का दोषी पाए जाने के बाद भी बड़ी जिम्मेदारी, शिकायतों का असर नहीं

अरविंद उल्सास देशमुख पर पहले भी अनियमितता के आरोप लगे हैं। बिलासपुर कॉलेज में निर्माण कार्यों में अनियमितता के मामले में वे दोषी सिद्ध किए जा चुके हैं। बावजूद इसके कामधेनु यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की है। उल्टा उन्हें उसी प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दोबारा दी गई है। इतना नहीं उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी जांच चल रही है। कुलसचिव ने मई 2025 में डॉ. एसपी इंगोले, प्राध्यापक डॉ. एसएल अली, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई थी। इतना ही नहीं 2017 करीब 29 करोड़ के कामों की गड़बड़ी में भी उनका नाम सामने आया था, जिसमें टेंडर की पूरी प्रक्रिया ड्रॉप बॉक्स में की गई थी। ड्रॉ निकालकर ठेकेदारों को काम बांटे गए थे। इस मामले में तत्कालीन डीन.डॉ. एसपी तिवारी ने जांच कर अरविंद देशमुख समेत, कुलपति डॉ. यूके मिश्रा, तत्कालीन ईई संतोष अग्रवाल, प्रभारी ईई पीसी शर्मा को दोषी बताया था। इस मामले में भी लीपापोती हुई। वर्तमान में इसमें के कई जिम्मेदार सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान देशमुख को कई अन्य कार्यों का प्रभार दिया गया है।

### नई कमेटी का गठन कर पूरे मामले की लीपोपोती

1.54 करोड़ के घोटाले के मामले में मुख्य अभियंता और कार्यपालन अभियंता स्तर पर जांच कराई जा चुकी है। दोनों ही मामलों में अरविंद देशमुख दोषी ठहराए जा चुके हैं। बावजूद इसके एक नई कमेटी का गठन किया गया, जो अब सारे तथ्यों का दोबारा से जांच करेगी। बता दें कि सिविल सेवा अधिनियम के अंतर्गत आरोपी कर्मचारी को निलंबित किया जाना है, उन्हें जांच की की प्रक्रिया से दूर रखा जाना है। पर्यवीक्षा कर्मी की सेवा समाप्त की जानी है, लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। इधर आर्थिक अनियमितता के इस संवेदनशील मामले में अब तक दोषी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वर्तमान में उन्हें अधूरे कामों को पूरा कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्य में भी लापरवाही सामने आ चुकी है। दो साल बाद भी काम अधूरा है, इसकी वजह से बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज को मान्यता ही नहीं मिल पा रही है। मान्यता का मामला भी पिछले करीब दो सालों से अटका हुआ है।

### मैं इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहता



देखिए मामले में अलग-अलग स्तर पर जांच हो रही है। पुरानी रिपोर्ट के बाद नए सिरे से जांच हो रही है। मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। **-उल्लास अरविंद देशमुख,** सहायत अभियंता कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा

## पार्कों में अव्यवस्था : कुम्हारी का मां महामाया उद्यान बन गया जंगल

# 1.27 करोड़ का पार्क तीन साल में हो गया उजाड़, हर तरफ सिर्फ झाड़ियां

**करोड़ों से बना उद्यान अब लापरवाही का शिकार, सफाई के नाम पर खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अंतर्गत आने वाले छोटे-बड़े गार्डन में रखरखाव की स्थिति चिंताजनक है। सबसे बड़ा उदाहरण महामाया मंदिर रोड स्थित पुष्पवाटिका मां महामाया उद्यान है। यहां साफ सफाई का काफी अभाव है। वहीं बड़े तरिया पार्क को ठेके में दे दिया गया है। इसलिए वहां साफ सफाई की व्यवस्था मां महामाया उद्श्यान से बेहतर है।

नगर पालिका हर साल उद्यानों की सफाई और रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाती है, लेकिन हकीकत इसके उलट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी महीनों से नजर नहीं आते। कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जो उद्यान कभी लोगों का पसंदीदा स्थान था, अब बच्चों को यहां लाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन सिर्फ बोर्ड लगाने तक सीमित है। बड़ा तरिया उद्यान साबित कर रहा है कि अगर रखरखाव ईमानदारी से हो, तो कोई भी परियोजना जनता की पसंद बन सकती है। यह कुम्हारी के लिए न सिर्फ एक मनोरंजन स्थल है, बल्कि स्वच्छता और प्रबंधन का सफल मॉडल भी।



### मां महामाया उद्यान बना उपेक्षा का प्रतीक

नगर पालिका परिषद कुम्हारी का सबसे बड़ा पार्क मां महामाया उद्यान आज अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। 19 मार्च 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका लोकार्पण किया था। 1 करोड़ 27 लाख 73 हजार रुपए की लागत से बने इस गार्डन को शहर की पहचान कहा गया था, लेकिन तीन साल के भीतर ही यह उपेक्षा और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है।

### सैरगाह से जंगल तक की कहानी

कभी यह जगह लोगों की शाम की सैर और बच्चों के खेलने का केंद्र हुआ करती थी। आज वही उद्यान जंगल में बदल चुका है। बड़े-बड़े झाड़-झंखाड़ हर ओर फैले हैं। घास की जगह अब जंगली पौधों ने कब्जा कर लिया है, जो लंबे समय से सफाई न होने का सबूत हैं। यह जंगल एक दिन में नहीं उगा।

### निरीक्षण कर साफ-सफाई की जाएगी

महामाया उद्यान की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। वार्डों में बने दूसरे गार्डनों का निरीक्षण कर साफ सफाई की जाएगी, जिससे आम जनता को कोई परेशानी न हो। **-मीना वर्मा,** अध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी

### साफ-सफाई का जिम्मा ठेकेदार को

नगर पालिका द्वारा महामाया उद्यान की साफ सफाई समय-समय पर की जाती है। वार्डों में बने गार्डन का वहां के समितियों द्वारा देखरेख की जाती है। जरूरत पड़ने पर पालिका के सफाई कर्मियों को वहां भेजा जाता है। बड़े तरिया उद्यान को ठेके में दिया गया है, वहां के साफ सफाई का जिम्मा ठेकेदार की है। **-नेतराम चन्द्राकर,** सीएमओ, कुम्हारी

### बड़ा तरिया उद्यान बना आकर्षण का केंद्र

कुम्हारी का बड़ा तरिया उद्यान अब शहर की पहचान बन चुका है। जून 2023 में कुम्हारीवासियों को कुल 174 करोड़ 45 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली थी। उसी दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 26 करोड़ रुपए की लागत से तैयार बड़े तरिया परिसर और आसपास के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया था। लगभग 18 एकड़ में फैला यह उद्यान आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां आने वाले लोगों के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, ग्रीन वॉकिंग टनल, फूड स्टॉल, और टॉय ट्रेन जैसी आकर्षक व्यवस्थाएं हैं। परिवारों के लिए यह जगह अब शाम की सैर और मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय ठिकाना बन चुकी है। बड़ा तरिया उद्यान को नगर पालिका ने ठेके पर संचालन के लिए दिया है। यही कारण है कि यहां की सफाई और रखरखाव व्यवस्था मां महामाया उद्यान की तुलना में कहीं अधिक बेहतर है। यहां आने वालों से प्रवेश शुल्क लिया जाता है, जिसके बदले उन्हें साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण मिलता है। शाम होते ही यहां परिवारों की भीड़ उमड़ने लगती है। यह जगह अब कुम्हारी का छोटा टूरिस्ट स्पॉट बन चुकी है।

## किसानों को बिना जुताई गेंहू बोने और जीरो टिलेज सीड ड्रिल पद्धति से खेती करने की सलाह



**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बिना जुताई गेहूं बोने की विधि, जीरो टिलेज सीड ड्रिल पद्धति अपनाने हेतु सलाह दी गई है। उन्होंने अवगत कराया है कि पिछली फसल (जैसे धान) की कटाई के बाद खेत में जुताई न करें। खेत में कम से कम 30-40 प्रतिशत अवशेष रहने दें। जीरो टिलेज सीड ड्रिल मशीन का उपयोग करें, जो बिना जुताई के सीधे खेत में बीज और उर्वरक बोती है। बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। बहुत अधिक सूखा या बहुत अधिक गीले खेत में बुवाई से बचें। बुवाई शुरू करने से पहले, सुनिश्चित करें कि मशीन को सही ढंग से समायोजित किया गया है, ताकि बीज और खाद उचित मात्रा और गहराई में गिरें। गेहूं के लिए 3-4 सेंटीमीटर की गहराई ठीक होती है। धान की कटाई के बाद डंठल (नरई) 15-20 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होने चाहिए, ताकि मशीन आसानी से चल सके। मशीन को खेत में चलाएं। यह एक पतली लाइन में बीज और उर्वरक बोएगी, जिससे खेत की मिट्टी फटेगी नहीं और बीज सही जगह पर जाएगा।

### जीरो टिलेज विधि के फायदे

जुताई और खेत तैयार करने का खर्च और समय बचता है। बीज और उर्वरक सही गहराई में गिरते हैं, जिससे अंकुरण बेहतर होता है। मिट्टी की नमी बनी रहती है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम हो जाती है। इस विधि के अध्ययनों के अनुसार, पैदावार 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। पिछली फसल के अवशेष खेत में ही सड़कर मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं।

### कामधेनु विवि में वंदेमातरम कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग।** वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर दूरदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन पश्चात दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, उपकुलसचि अधिष्ठाता मात्स्की महाविद्यालय कवर्धा प्राध्यापक डॉ. एमके गेंदले, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके दत्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय, निदेशक शिक्षण डॉ.एसपॉल, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में वंदेमातरम गीत का गायन किया गया।

## दुर्ग से हरिद्वार के लिए चली स्पेशल ट्रेन, जताया आभार



**भिलाई।** दुर्ग से हरिद्वार के लिए नई ट्रेन का संचालन शुरू होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी का आभार जताया है।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन, चैंबर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव सहित उनकी पूरी टीम ने दुर्ग से हरिद्वार के लिए नई ट्रेन के संचालन के लिए स्वागत किया। दुर्ग से हरिद्वार की नई ट्रेन रविवार कोदुर्ग से सुबह 11 बजे से चलकर हरिद्वार राम 2:05 बजे पहुंचेगी और सोमवार को रात 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह ट्रेन रायपुर, बिलासपुर, कटनी, झांसी, आगरा, निजामुद्दरादून, ऋषिकेश होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी। सुनील मिश्रा ने बताया कि चैंबर ने दुर्ग से लखनऊ एवं दुर्ग से गया और दुर्ग से रीवा के लिए नई ट्रेन का प्रस्ताव रेलवे को भेजा है। दुर्ग नौतनवा और अन्य गाड़ियों का स्टॉपेज भिलाई पावर हाउस स्टेशन में रखने की मांग की है। इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स से शिवराज शर्मा, पवन जिंदल, एकराज ओसवाल, भूषण लक्खा, जितेंद्र उत्पल, विनय सिंह, प्रेम रतन गहलोत, चिन्ना राव, रितेश अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, अनिल अग्रवाल, हरीश शर्मा उपस्थित थे।

**विद्युतकर्मियों ने किया राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गानः** :दुर्ग
राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में सामूहिक गान का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना से अमर शहीदों को नमन किया।

## आर्य समाज सेक्टर-6 भिलाई से शुरू हुआ सैल्यूट तिरंगा का संकल्प

**भिलाई।** तिरंगा संगठन द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम गान का शुभारंभ आर्य समाज विद्यालय सेक्टर 6 भिलाई से किया गया। यह आयोजन सेल्यूट तिरंगा, आर्य समाज तथा गीत वितान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा के आह्वान तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के तत्वावधान में प्रदेशभर में 30 दिनों तक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में देशभक्ति का जन-जागरण चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य हर कण में राष्ट्रगान, हर मन में वंदे मातरम की ध्वनि है। वंदे मातरम स्मृति पोस्टर का विमोचन भी किया गया, जिसमें महान कवि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का चित्र अंकित है।

पोस्टर विमोचन समारोह आर्य समाज सेक्टर 6 के सभागार में हुआ।




इस दौरान मंच पर डॉ. अजय आर्य, मनोज ठाकुर महासचिव, भानुजी राव, प्रशांत शिवसागर, मिथुन दास गीत, हेमंत सगदेव, नीलिमा सगदेव सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित थे। डॉ. अजय आर्य का ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, यह भारतीय आत्मा की स्पंदन है। जब कोई बालक इसे गाता है, तब वह अपनी जड़ों से जुड़ता है। जब कोई शिक्षक इसे सुनाता है, तब वह संस्कृति का पाठ पढ़ाता है। आज आवश्यकता है कि हम राष्ट्रभक्ति को कार्यक्रम नहीं, जीवन का संस्कार बनाएं। जिस दिन हर विद्यालय के आंगन में वंदे मातरम की गूंज स्थायी रूप से बस जाएगी, उस दिन भारत के युवाओं में स्वाभिमान की नई चेतना जाग उठेगी। इस अभियान की पहली कड़ी के रूप में 7 नवम्बर को प्रातः 11:30 बजे आर्य समाज विद्यालय में सामूहिक गान की गई।

## वंदे मातरम की वर्षगांठ एवं एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ सुराना कॉलेज में एनसीसी रैंक सेरेमनी



सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ एवं एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन एयर फोर्स एवं वर्तमान सैनिक कल्याण अधिकारी प्रवीण दोबले व स्मिता दोबले थे । साथ ही जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीन चंद्र तिवारी, समिति के सदस्य वीरेंद्र शुक्ला, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ डीएन सूर्यवंशी, आरसीएस विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमकान्ति सिंह, नैशनल स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र राजपूत एवं विभिन्न विद्यालयों के एएनओ भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण डॉ. पूजा मल्होत्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद तिवारी जी ने कहा कि एनसीसी जीवन शैली का महत्वपूर्ण अंग है यह हमें एकता एवं अनुशासन सिखाता है और अपनी मातृभूमि के प्रति अपनीकर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्य अतिथि प्रवीण दोबले ने कहा कि वर्तमान मे 17 लाख एनसीसी कैडेट रजिस्टर्ड है एवं आगामी वर्षो में इसे 20 लाख तक पहुंचाने की योजनाएं बनाई जा रही है । तत्पश्चात एनसीसी के कैडेट को रैंक प्रदान किया गया जिसमें एसयूओ जेयूओ, सार्जेंट, एलसीपीएलएसीपीएल आदि रैंक कैडेटों को दिए गए। रैंक होल्डर को शपथ दिलाई गई । वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आभार प्रदर्शन आदर्श कन्या विद्यालय की एएनओ ममता ध्रुव ने किया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### साहू समाज परिक्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन अंतर्गत परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन हिरवानी ने अपने निर्वाचन के बाद संगठन की नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष संतोष साहू (चीचा), ललिता साहू (देमार),संगठन सचिवः अर्जुन साहू (बेन्दरी), दामिनी साहू (अरसनारा) मनोनीत पदाधिकारीगण,सचिव गोपेश साहू (पतोरा),कोषाध्यक्ष लालजी साहू (छाटा),मीडिया प्रभारी बलराम साहू (देवादा), तहसील प्रतिनिधिसालिक शत्रुघ्न साहू (देमार),सहसचिव (महिला) सरिता साहू (घुघुवा), संयोजिका (महिला प्रकोष्ठ) खेमीन साहू (सेलूद),संयोजक (युवा प्रकोष्ठ) ओमप्रकाश साहू (बठेना),प्रचार सचिव रवि साहू (बेन्दरी) और तनुजा साहू (पतोरा) शामिल हैं। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में भाईचारा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी समाज की एकता और सेवा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### कुम्हारी में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**कुम्हारी** । कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू हो गया है। यहां प्रत्येक वार्डों में पूरे एक माह में 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक का वितरण करेंगे। जिसे मतदाता द्वारा वांछित जानकारी भरकर बीएलओ को जमा किया जाएगा। वहीं फरवरी 2025 की मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं मतदाता या उसके माता-पिता के नाम का मिलान कार्य किया जाएगा, जिसकी जानकारी मतदाता को गणना पत्रक में देनी है। मिलान न होने पर चाही गई जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। मतदाता अपनी वर्तमान की 2 फोटो व आधार कार्ड की प्रति के साथ ही प्रस्तुत कर सकते हैं।

### योग जिला बैठक आज

**भिलाई।** पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग के तत्वावधान में "योग शिक्षक मिलन समारोह एवं जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन 9 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पतंजलि गौशाला, कोहका, भिलाई में किया गया है।

### निधन

### रामदास गडलिंगे



**भिलाई।** आमदी सेक्टर हुडको एमआईजी-1741 निवासी रामदास गडलिंगे (92 वर्ष) निधन 7 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी शकुन्तला गडलिंगे, उषा, देवेंद्र, प्रवीण, गजेंद्र गडलिंगे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## जामुल कॉलेज में साक्षात्कार की तैयारी पर व्याख्यान

# छात्रों को बताए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर

**साक्षात्कार केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और सोच की भी परीक्षा है : ताम्रकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में साक्षात्कार की तैयारी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना के साथ हुई। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक बलराज ताम्रकार का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप ने कहा कि साक्षात्कार प्रतियोगी परीक्षाओं का महत्वपूर्ण चरण है, जो छात्रों के व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को परखता है। उन्होंने छात्रों को इस सत्र को गंभीरता से लेने की सलाह दी। मुख्य वक्ता बलराज ताम्रकार ने कहा कि साक्षात्कार केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और सोच की भी परीक्षा है। उम्मीदवार को अपने बारे में, अपने विषय, गृह क्षेत्र, राज्य, अभिरुचि, आदर्श व्यक्तित्व और समसामयिक मुद्दों की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार एक मनोवैज्ञानिक खेल की तरह होता है, जिसमें उत्तर देते समय आत्मविश्वास और विनम्रता दोनों जरूरी हैं।



**साक्षात्कार के दौरान न लें झूठ का सहारा**

इस दौरान विद्यार्थियों को सलाह दी कि साक्षात्कार के दौरान झूठ का सहारा न लें और अपने व्यवहार में पारदर्शिता रखें। निरंतर समाचार पत्रों और संपादकीय पृष्ठ का अध्ययन साक्षात्कार की तैयारी में मददगार साबित होता है। इंटरव्यू में संचार कौशल, शारीरिक भाषा, निर्णय लेने की क्षमता और उत्साह जैसे गुणों को परखा जाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप, गजेंद्र कश्यप, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. संजय परगनिहा, श्रीमती विनिता परगनिहा, डॉ. रचना चौधरी, हेमा राव और अंजू माला साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक गजेंद्र कुमार कश्यप ने किया।

## धमधा अस्पताल परिसर में नाली जाम बदबू और मच्छरों से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नालियाँ कई दिनों से जाम पड़ी हुई हैं। प्लास्टिक झिल्ली, डिस्पोज़ल और अन्य कचरों से भरी इन नालियों से तेज़ बदबू उठ रही है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, अस्पताल की सफाई पिछले कई हफ्तों से नहीं की गई है। नालियों में जमा गंदगी से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहां की स्थिति इतनी खराब है कि बदबू से लोगों को उल्टी तक होने लगी है। वहीं नगर पंचायत धमधा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक ओर नगर पंचायत अधिकारी और कुछ जनप्रतिनिधि नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बेहतर व्यवस्था का ढोल पीट रहे हैं, तो दूसरी ओर अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर गंदगी फैली हुई है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, जो वर्तमान में जीवन दीप समिति के



■ मरीजों और परिजनों को हो रही परेशानियां

सदस्य हैं, ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि "जहां लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा होनी चाहिए, वहीं बीमारी फैलाने वाली स्थिति उत्पन्न हो रही है।" यादव ने पूर्व में भी सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत अधिकारियों की लापरवाही पर आपत्ति जताई थी और कलेक्टर को शिकायत की थी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सफाई करवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों और आसपास के नागरिकों को राहत मिल सके।

**पाटन में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन**

## अध्यात्मिक वातावरण में डूबे भक्तगण कथा का प्रसाद पाने उमड़े ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

नगर पंचायत पाटन के अखरा मैदान में इन दिनों भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर अमृतमय कथा का रसपान कर रहे हैं।

यह आयोजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती मीना कश्यप की पावन स्मृति में रखा गया है। इस दिव्य कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पंडित युवराज पांडे (श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर, देवभोग, जिला गरियाबंद) के मुखारविंद से हो रहा है। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से आरंभ होने वाली कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं, भक्ति मार्ग, सुदामा चरित्र और श्रीमद् गीता के उपदेशों की



व्याख्या ने श्रद्धालुओं के हृदय को भक्ति से भर दिया है। 8 नवंबर को कथा का दूसरा दिन रहा, जहां सैकड़ों भक्तजन उपस्थित होकर आध्यात्मिक वातावरण में डूबे रहे। कथा के दौरान सत्संग, भजन, कीर्तन और प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कथा का समापन 13 नवंबर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, गीता दान, हवन, पूजन, महाप्रसादी भोग, भंडारा एवं शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर भूपेंद्र कश्यप, भूपेश कश्यप, अमन कश्यप, मिशिका, महेंद्र कश्यप, नर्सिंग, बिरेंद्र, रमन, किशोर, राहुल, विवेक, शलभ, अंकुश, पुरुषोत्तम कश्यप सहित पूरा कश्यप परिवार कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहा है।

## भारत माता की जय घोष के साथ मनाया राष्ट्र गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम तिरगा के गांधी चौक में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगीत गीत गाया गया। जय हिन्द जय भारत, वंदे मातरम्, भारत माता की जय घोष के साथ गांधी जी प्रतिमा में ज्योति प्रज्वलित कर राष्ट्र

■ वदेमातरम का इतिहास बताया उपस्थित लोगों को

गीत उत्सव मनाया गया जिसमे ग्रामीणों ने अपने घर से दीप लाकर राष्ट्रीय गीत उत्सव मनाया।

ग्राम पंचायत तिरगा भवन में सचिव ने टेलीविजन के माध्यम से राष्ट्र व्यापी देश भक्ति गीत संगीत और प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया और सुनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख , उपसरपंच सूखित राम ढीमर, ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख थे,



सेवानिवृत शिक्षक हीरालाल दिल्लीवार ने देश भक्ति जयकारों से अभिभूत कर दिया। सरपंच ने बताया यह गीत हमारे दिलो में देश भक्ति की भावना को जागृत कर भारत माता के प्रति श्रद्धा भक्ति की भावना मजबूत करता है। यह गीत धरोहर को संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शिक्षक रघुनाथ देशमुख, सूरज देशमुख, बिरेंद्र निषाद, पंचगण चंदूलाल यादव, गोवर्धन ढीमर, कविता ऋषि, जमुना बाई निषाद, बिहान अजिविका मिशन के कार्यकर्ता ललिता देशमुख, उर्मिला देशमुख, सर्जना युवा संयुक्त युवा संगठन से घनश्याम देशमुख, डोमन लाल, दिलीप देशमुख, घनाराम, मिथलेश, बुद्धेश्वर सिंह, तुलसीराम, समूह के सदस्य गण मंगल देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, पूर्णिमा बेलचंदन, भुनेश्वरी, लता, लता देशमुख, देवकी, गोमती, ललेश, उपस्थित थे।

### देश भक्तों को ऊर्जावान बनाता है वन्देमातरम गीत : बारले



**जामगांव आर।** वन्देमातरम गीत की 150 वी जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में इसका सामूहिक गायन किया गया। प्राचार्य पीएल बारले ने विद्यार्थियों को बताया कि देश भक्त बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 की दशक में यह कविता लिखी थी। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाई और 'वंदेमातरम' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक शक्तिशाली देशभक्ति गीत बन गया जिसे लोगों को देश भक्ति की ऊर्जा से ओत प्रोत होने के लिए प्रेरित किया।

### हमर संगवारी रजत जयंती मिलन समारोह



**सेलूद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बेमेतरा के 1998–2000 बैच के विद्यार्थियों का 25 वर्ष पूर्ण होने पर "हमर संगवारी रजत जयंती मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को मैत्री गार्डन भिलाई में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर "हमर संगवारी क्विज़", हास्य मंच" और "स्मृति संगीतमय प्रस्तुति" जैसे कार्यक्रमों ने समा बाँध दिया।सभी ने अपनी पुरानी दिनों की यादों को खुलकर साझा किया और मित्रता के रंगों में सराबोर हो गए।कार्यक्रम के दौरान स्व कुंदन बघेल व नीलम देशमुख को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई व उनके साथ बिताये हुए पलो को याद किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित पूर्व छात्रों ने कहा कि जीवन केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का पथ है।

## अंचल की खबरें

### महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज नगर इकाई कुम्हारी ने आंवला नवमी बड़े ही धूमधाम के साथ स्थानीय कुर्मी भवन में मनाई। महिलाओं ने आंवला वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर विधिवत पूजा अर्चना कर वृक्ष की परिक्रमा की। सभी ने वृक्ष के नीचे सपरिवार भोजन का आनंद लिया। मुख्य अतिथि नगर महिला अध्यक्ष योगिता वर्मा ने आंवला नवमी महत्व बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुनेश्वरी बघेल, बीना बंछोर, देवकी वर्मा, गंगा वर्मा, वर्षा वर्मा, जमुना वर्मा, राधा वर्मा, नंदिनी वर्मा, पुष्प वर्मा, गोंदा वर्मा, सविता बिजौरा, आजुराम वर्मा एवं गोविंद बघेल उपस्थित थे।

### जूता-मोजा पाकर बच्चे खिल उठे चेहरे



**सेलूद।** विकासखंड पाटन के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजली नगर भिलाई 3 के बच्चों के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक संजय कुमार मैथिल के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। जिसमें समुदाय के दान देने वाले व्यक्ति को प्रेरित कर विद्यालय के सभी बच्चों के लिए जूते एवं मौजा दिलाने का कार्य किया गया है। विद्यालय के बहुत से बच्चे आर्थिक स्थिति के कमजोर वाले पालको के बच्चे हैं जिनमें बहुत से बच्चे चप्पल पहन कर विद्यालय आते थे , प्रधान पाठक के प्रयास से सभी बच्चों को जूते मोजा प्रदान कराया गया। जिससे सभी बच्चे खुश हैं। इस अवसर पर संतोष वर्मा, संजय जैन, वरिष्ठ शिक्षिका मृगनयनी यादव, कल्पना प्रधान , सुरेश कुमार देशमुख, प्रधान पाठक संजय कुमार मैथिल एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

### पटेल समाज के दीवाली मिलन में जुटे लोग



**पाटन।** पटेल समाज पाटन राज के दिवाली मिलन आयोजित किया गया। माँ शाकम्भरी की पूजा अर्चना के उपरांत पाटन राज के ग्राम रानितराई के ग्राम प्रमुख आनन्द पटेल व पाटन के शिवनारायण पटेल को श्रद्धांजलि दी गईष सभी को मिठाई,प्रसाद खिलाकर दिवाली की बधाई दी गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष- लक्ष्मी नारायण पटेल ने प्रदेश के होने वाले युवक,युवती परिचय सम्मेलन संबलपुर होने की जानकारी दी। पाटन राज के सभी ग्राम प्रमुखों से विवाह योग्य युवक,युवती को ले जाने हेतु सभी चार पहिया वाहन को प्रोत्साहन स्वरूप 1,1 हजार रु.पाटन राज के तरफ से दिये जाने की घोषणा की। आदर्श विवाह हेतु सभी सामाजिक बन्धुओं से अपील की गई, तद्पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार मंथन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष- लक्ष्मी नारायण पटेल,जिलाध्यक्ष- आत्माराम पटेल,दुर्ग राज अध्यक्ष गया प्रसाद पटेल एवं टीम, सरंक्षक- मोहन पटेल एवं पवन पटेल,रामबदन पटेल,शंकर पटेल,सच्चिदानंद सूर्यवंशी, नरसिंह पटेल,गेंदलाल पटेल,रूपेश पटेल,अनिल पटेल, राजेंद्र पटेल,हरीश पटेल,इतवारी पटेल,महेश पटेल,गिरधारी पटेल, देवनारायण पटेल,बीरेंद्र पटेल,मनीष पटेल, महिला प्रकोष्ठ से हेमलता पटेल,योगिता पटेल जानकी पटेल,रीना पटेल एवं विभिन्न ग्रामों से ग्राम प्रमुख एवं सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी।

### पंच परिवर्तन व संप्तशक्ति संगम पर हुई कार्यशाला



**जामगांव आर।** पंच परिवर्तन एवं संप्तशक्ति संगम की योजना का लक्ष्य प्राप्त करने में सरस्वती शिशु मंदिर की महती भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर एवं बटरेल में किया गया। मुख्यवक्ता सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा थे। वहीं दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के आचार्य दीदी समिति पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण ,स्वदेशी,कुटुंब प्रबोधन,नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति संगम के सात बिंदु क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता पर चर्चा व्याख्यान का फोकस रहा। जामगांव आर कार्यशाला में समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू व्यवस्थापक आसकरण जैन प्राचार्य पीएल बारले पवन बंछोर हाथेश्वर साहू परमानंद टंडन प्रीति साहू सुनीता सेन दीपिका साहू शशि यदु डॉमिन साहू कविता साव ने भाग लिया। संस्थान के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार और उज्वल भविष्य देने के लिए पर्यावरण स्वच्छता का उपहार अवश्य दे। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से समाज के द्वारा समाज के लिए काम करते हुए संस्कारित शिक्षा से समाज देश को वैभव शाली बनाने में महती भूमिका निभाना सरस्वती शिशु मंदिर का उद्देश्य है।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**भिलाई।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 9 नवंबर से 17 नवंबर तक आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई में आयोजित है। भगवताचार्य स्वामी निरंजन महाराज लिमतरा कुम्हारी दुर्ग, परायणकर्ता पं. परमेश्वर महाराज, यजमान हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू, नीलम साहू होंगे।कार्यक्रम में अगहन कृष्ण पक्ष 9 नवंबर रविवार श्री भागवत स्थापना, वेदी पूजन श्री गोकर्ण कथा सोमवार 10 नवंबर मंगला चरण, धर्म पृथ्वी संवाद, कलयुग को दंड परिक्षित को श्राप, श्री सुकदेव जी का घर आगमन कथा प्रारंभ 11 नवंबर मंगलवार सृष्टि वर्णन, विदुर कथा वराह अवतार, सती चरित्र शिव विवाह 12 नवंबर बुधवार ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जदभरट चरित्र वनृसिंह अवतार प्रहलाद चरित्र, 13 नवंबर गुरुवार गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन देवासुर संग्राम, वामन अवतार राजा बली प्रसंग, अगहन कृष्ण पक्ष 14 नवंबर शुक्रवार श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध बाल लीला, माखन चोरी, अगहन कृष्ण पक्ष 15 नवंबर को वृंदावन लीला होगी।



**बिजनेस साइट**

### एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज चिखली दुर्ग के लिए होगी सीधी भर्ती

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में 10 नवंबर को समय प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जावेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज चिखली दुर्ग के लिए ड्युटी डॉक्टर (मेडिकल ऑफिसर) डेंटिस्ट फार्मासिस्ट फिजियोथेरेपिस्ट पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन एक्स-रे टेक्निशियन ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन नेत्र रोग सहायक ( आप्थाल्मिक टेक्नीशियन ) नर्सिंग स्टाफ सुपरवाईज़र नर्सिंग सुपरीटेंडेंट मैनेजर लेक्चरर लाइब्रेरियन कंप्यूटर ऑपरेटर आई.टी. इंचार्ज,फील्ड ऑफिसर, एकाउन्टेंट सिक्युरिटी गार्ड मल्टीपल वर्कर आया बाई एवं कुक सफाई कर्मचारी ड्राइवर अन्य कर्मचारी इत्यादि के कुल 100 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जावेगी। उक्त सभी पदों हेतु वेतन मान 7000 रुपए से 50000 रुपए तक है, तथा 10वीं, 12वीं, बीई, बीटेक, पैरामेडिकल टेक्नीशियन प्रमाण पत्र, नर्सिंग प्रमाण पत्र, मेडिकल टेक्निशियन, डीसीए पीजीडीसीए एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप एवं सोशल मीडिया अथवा रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण, अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र-आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड), रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का **huid** कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।




### फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम




**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट, भिलाई, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ (निजी प्रशिक्षण) संस्थान विगत 13 वर्षों से फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी (औद्योगिक सुरक्षा) में प्रशिक्षण देने में अपनी सेवाएं दे रहा है। जिसमें सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ( एमएसएमई) रसमडा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ के द्वारा संस्था में 5 दिन का (एमडीपी) मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम कराया गया। जिसमें लगभग 27 छात्रों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, जनसंपर्क मनोज ठाकरे, एमएसएमई के कोऑर्डिनेटर वीएन आनंद राव और प्रशिक्षण दे रहे। शत्रुलालहन धनकर, तपन कुमार विश्वास ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए अधिक जानकारी के लिए फायर,सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट (एफएसडीएमआई), कैंपस- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - सुपेला पोस्ट ऑफिस, भिलाई से संपर्क कर सकते हैं।


### 42 हजार से अधिक किसानों के खेतों में पहुंच रहा पानी

# तांदुला से मरोदा तक पानी पहुंचाने का काम 80% पूरा, अप्रैल से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## 25 साल में सिंचाई का रकबा बढ़कर 1.13 लाख हे. पहुंचा

शिवनाथ के साथ तांदुला नदी भी दुर्ग जिले के लिए जीवन दायिनी साबित हो रही है। पिछले 25 सालों में जिले के किसानों को सिंचाई के लिए तांदुला जलाशय से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। अब टाउनशिप के रहवासियों को प्लांट में जरुरत के लिए पानी तांदुला से उपलब्ध होगा। तांदुला से पानी शिवनाथ के रास्ते कोनारी-भरदा पहुंचेगा, जहां से चंदखुरी, हनोदा, धनोरा के रास्ते मरोदा डैप तक पहुंचेगा। इसके लिए करीब 18 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है। 80 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। मरोदा और रिसाली रेलवे ट्रैक के पास अंडर पास लाइन का काम शेष है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अप्रैल 2026 तक मरोदा तक पाइप बिछाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद टाउनशिप को भी तांदुला से सीधे पानी मिलने लगेगा। बता दें कि 25 वर्षों में सिंचाई का रकबा भी बढ़ा है। वर्तमान में करीब 1.31 लाख हेक्टेयर फसलों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं 42 हजार से ज्यादा किसान इससे लाभांवित हो रहे हैं। तांदुला जलाशय से जुड़ी 118 परियोजनाएं संचालित हैं। नहरों की लंबाई 1148 किमी से बढ़कर 1349 किमी हो गई है, जिससे जल आपूर्ति प्रणाली अधिक विस्तारित हुई है।



### फसलों के उत्पादन में पड़ा असर, 30 फीसदी से ज्यादा बढ़ोत्तरी

तांदुला जल संसाधन संभाग के प्रयासों से 42,000 से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष सिंचाई सुविधा मिली है, जिसने कृषि से आत्मनिर्भरता तक की उनकी यात्रा को मजबूत किया है। सिंचाई सुविधा के कारण फसल उत्पादकता में 30-40 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। रबी फसल का क्षेत्रफल दोगुना हो गया है। प्रति बूंद अधिक फसल के उद्देश्य से स्प्रिंकलर एवं ड्रिप प्रणाली को प्रोत्साहन दिया गया है। कृषक जल उपयोग समितियों के माध्यम से जल वितरण में सहभागिता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। इन सुविधाओं से कृषि आधारित लघु उद्योग, प्रसंस्करण एवं मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिला है, जिससे कृषक आय में वृद्धि हुई है और ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता स्थापित हुई है। साथ ही हरित क्रांति को नई दिशा मिली है।

### माइक्रो सिंचाई प्रणाली लागू करने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक जल्द ही माइक्रो सिंचाई प्रणाली लागू होने जा रही है। प्रति बूंद अधिक फसल लक्ष्य के अंतर्गत माइक्रो सिंचाई प्रणाली और नहरों का पूर्ण आधुनिकीकरण कर रहा है। सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पंपों के विस्तार और एनीकट को बैराज में रूपांतरित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। जल संसाधन विभाग का अटूट संकल्प है कि राज्य के प्रत्येक किसान तक जल पहुंचाया जाए और सिंचाई क्षमता में निरंतर वृद्धि की जाए। इसके साथ ही सारी नदियों और जलाशयों को जोड़ने की दिशा में काम शुरू किया जाना है।

### तांदुला जलाशय से ही उपलब्ध कराया जा रहा पानी

अधिकारियों ने बताया कि तांदुला जलाशय से ही सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। अविभाजित दुर्ग ज़िले में सिंचाई का रकबा 87,930 हेक्टेयर से बढ़कर वर्तमान में 1,13,538 हेक्टेयर हो गया है। तकनीकी नवाचार ने वितरण प्रणाली में जल अपव्यय को न्यूनतम किया है। नहर लाइनिंग, सुदृढ़ संरचनाएं और गेट स्वचालन का उपयोग किया गया है। दुर्ग-बालोद अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों को स्थायी जलापूर्ति के लिए खरखरा-शिवनाथ नदी पाइपलाइन योजना (1520 करोड़) और तांदुला ऑगुमेंटेशन सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना (238 करोड़) जैसी विशाल परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिसने 18,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की है। उद्वहन सिंचाई योजनाओं द्वारा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी जलापूर्ति संभव हुई है, जिससे अंतिम छोर तक सुगम सिंचाई अंतिम खेत तक पानी की गारंटी/" सुनिश्चित हुई है। इस वर्ष भू-जल पुनर्भरण हेतु 265 रिचार्ज पिट एवं 300 सोक पिट का निर्माण किया गया है।

# पुलिस की गुणवत्ता में सुधार लाने अनुभव क्यूआर लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



पुलिस ने आम नागरिकों की सुविधा और पुलिसिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए नई पहल अनुभव की शुरुआत की है। अभिनव पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच पारदर्शिता, विश्वास, संवाद, सशक्त बनाना है। पुलिस कार्यालय बालोद में पहल के अन्तर्गत क्यू आर कोड लॉन्च किया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग के द्वारा एसपी बालोद के सभागार कक्ष से शुरू की गई। व्यवस्था के तहत अब दुर्ग रेंज के सभी थाना व चौकियों में आने वाले नागरिक अपने अनुभव साझा कर पाएगें। प्रत्येक थाना, चौकी में एक क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे स्कैन कर नागरिक ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म भर सकेंगे। फॉर्म में कुछ सरल प्रश्न होंगे जिनके उत्तर देकर नागरिक अपने अनुभव और सुझाव दे पाएगें। नाम एवं मोबाइल नंबर देना पूर्णतः वैकल्पिक है। जिससे नागरिक बिना किसी झिझक के अपनी राय दे पाएगें। सभी फीडबैक सुरक्षित रखा जाएगा। नागरिकों की पहचान भी गोपनीय होगी। पहल सरगुजा रेंज पुलिस से प्रेरित है, जहाँ यह व्यवस्था पूर्व में सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है।

### जनता दे पाएगी पुलिस को अपना फीडबैक

जनता के अनुभव ही हमारी पुलिसिंग का वास्तविक आईना हैं। अनुभव पहल से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि जनता हमारी सेवाओं से कितनी संतुष्ट है। किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य है पारदर्शी, संवेदनशील पुलिसिंग को और सशक्त बनाना है। आईजी ने अपील की कि जनहित की भावना से सभी अपना फीडबैक और क्यू आर कोड माध्यम से दें। बालोद एसपी योगेश पटेल ने क्यू आर कोड को डिजाइन किया है। जनता को प्रदाय की जाने वाले सेवाओं में मदद मिलेगी।

## 15086 विद्यार्थियों का हुआ मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

**दुर्ग।** जिले के चिन्हित सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन एवं आधार अपडेशन का कार्य निरंतर जारी है। 50 विभिन्न स्कूलों में शिविर लगाकर 2062 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 299 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया और एक विद्यार्थी का नया आधार बनाया गया। जिले में चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक 349 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से कुल 15086 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन, 2382 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन एवं 13 विद्यार्थियों का नया आधार निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने इस कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301







# संतोषी मंदिर में बनेगा डोमशेड, भक्तों को मिलेगी छांव

**भिलाई।** वार्ड 19 पदुमनगर के संतोषी मंदिर प्रांगण में पांच लाख रुपए की लागत से डोमशेड निर्माण की भूमिपूजन की गई। इस दौरान पार्षद सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पार्षद मनीष वर्मा ने बताया कि डोमशेड बनने से वार्ड के लोगों को गर्मी व बरसात में भी पूजा करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। संतोषी मंदिर निर्माण का कार्य भी जल्द ही पूरा होने वाला है। भूमिपूजन के दौरान मंदिर निर्माण के विशेष सहयोगी सतीश वैष्णव, पं. महेश तिवारी, उत्तम साहू, एस सी महतो, नारायण कश्यप, मोनू साहू, रमेश बांगरे, गजपाल साहू, किरण साहू, दुर्गा साहू, कुसुम साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

02



पार्टी की तैयारी कर दें शुरू, ऐसे आउटफिट देख तारीफ करेगा हर कोई

## लाइव इवेंट

### कायस्थ सभा स्थापना वर्ष पूर्ण, 14 को स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन



**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग के स्थापना दिवस के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का आयोजन कसारीडीह दुर्ग स्थित कायस्थ सभा भवन में 14 नवंबर को शाम 7 बजे किया गया है। कायस्थ सभा दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान महिलाओं एवं युवक युवतियों के लिए 12 नवम्बर को शाम 5 से 7 बजे तक रंगोली एवं थाली सजाओं प्रतियोगिता तथा शाम 6 बजे से मेंहदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इन सभी स्पर्धाओं के विजेताओं को 14 नवम्बर को शाम आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह में पुरस्कृत किया किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कायस्थ सभा दुर्ग के स्थापना से लेकर अभी तक अध्यक्ष का पद सुशोभित करने वाले कायस्थ जनों को भी सम्मानित किया जायेगा।

#### महिलाओं एवं बच्चों की सांस्कृतिक आयोजन



इस स्वर्ण जयंती समारोह में दुर्ग के लगभग 200 से अधिक कायस्थ परिवारों के सदस्य हिस्सा लेंगे। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार कायस्थों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की उत्पति पर आधारित नृत्य नाटिका भी स्वर्ण जयंती समारोह में प्रदर्शित की जायेगी। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन डॉ. सरिता श्रीवास्तव करेंगी तथा कलाकारों में आराधना खरे, सुप्रिया वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, संतोष खरे, अक्षत श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव आदि हिस्सा लेंगे। नृत्य नाटिका में शब्द संयोजन एवं बैक ग्राउण्ड स्वर प्रस्तुति प्रशांत श्रीवास्तव एवं डॉ. सरिता श्रीवास्तव की होंगी। 14 नवम्बर के स्वर्ण जयंती समारोह में उक्त नृत्य नाटिका प्रस्तुतिकरण के अलावा महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चित्रांशी पुरूषों द्वारा प्रस्तुत गीतों का कार्यक्रम शामिल रहेगा। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कायस्थ सभा, दुर्ग के कसारीडीह स्थित भवन में 16 नवम्बर रविवार को दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक रंगारंग आनंद मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें कायस्थ समाज के महिला एवं पुरुष विभिन्न खान-पान, प्रतियोगिताऐं एवं अन्य सामाग्रियों का स्टॉल लगायेगें। डॉ. श्रीवास्तव ने इस आनंद मेले का लाभ उठाने का सभी से आग्राह किया है।

## सिटी इवेंट

### साई मंदिर में दीपावली मिलन समारोह एवं साधारण सभा की बैठक आज



**दुर्ग।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति, साई मंदिर सिविललाइन कसारीडीह की साधारण सभा की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का 9 नवंबर, रविवार को प्रातः 11 बजे साई मंदिर में आयोजन किया गया है। बैठक में 2, 3 और 4 दिसंबर को प्रस्तावित वार्षिक साई महोत्सव 2025 की तैयारी पर चर्चा होगी। कोषाध्यक्ष द्वारा सत्र 2024-2025 के वार्षिक आय व्यय के ऑडिट रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण एवं अध्यक्ष की अनुमति पर अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्तआशय की जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने पदाधिकारियो एवं सदस्यों से साधारण सभा की बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### सृष्टि श्रीवास चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा पास कर बनी सीए



**भिलाई।** चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा पास कर सृष्टि श्रीवास सीए बन गई है। दिन रात कड़ी मेहनत कर प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर सृष्टि ने न केवल अपने परिवार और भिलाई शहर का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सृष्टि ने सीए फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिसके बाद उनके घर पर बधाइयों का तांता लग गया है। सृष्टि श्रीवास ने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सीए की तैयारी में जुट गईं थी। इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को कम उम्र में पास कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उनके परिजनों, मित्रों और सेन समाज के सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। भिलाई हाउसिंग बोर्ड निवासी सृष्टि की माता वंदना श्रीवास, पिता नंदकिशोर श्रीवास, बड़े भाई पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने बधाई दी है।

● स्कूली बच्चों को शुरुआत से ही इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप से जोड़ने की जा रही पहल

# स्कूलों के बच्चे भी अब आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर बढ़ेंगे आगे, बिजनेस में फील्ड की ग्राउंड लेवल ट्रेनिंग भी, स्टार्टअप के लिए मिलेगी फंडिग

**छत्तीसगढ़ की शासकीय स्कूलों के बच्चे भी अब आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर बढ़ेंगे। बेहतरीन आइडिया के चलते कम उम्र में भी उनको स्टार्टअप की फंडिंग मिल सकेगी। इसके अलावा उन्हें बिजनेस में फील्ड की ग्राउंड लेवल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। देशभर में शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता की नई दिशा तय करने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया गया है। यह बातें रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को बताई गई।**

**भिलाई।** दो दिन चली ट्रेनिंग में एआईसीटीई और वाधवानी फाउंडेशन के आला अधिकारियों ने समझाया कि जिस तरह हायर एजुकेशन में छात्रों को इनोवेशन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्र में आगे बढ़ाना है, ठीक वैसे ही स्कूली बच्चों के लिए भी रोडमैप तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अजय देशपांडे, नोडल अधिकारी, पीएमश्री स्कूल समग्र शिक्षा रायपुर ने किया। एआईसीटीई से रीजनल कॉर्डिनेटर आशीष त्रिपाठी के साथ सागर हरिरामाणी ने शिरकत की और सभी डीईओ व प्राचार्यों को ट्रेनिंग दी। इनके साथ पीएमश्री स्कूल के सहायक कार्यक्रम समन्वयक आशीष गौतम भी शामिल हुए।




#### रुचि बढ़ाने में होगा मददगार

कार्यक्रम में नोडल कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि नवाचार की शुरुआत घर से होती है। जहां मां सृजनशीलता सिखाती हैं और पिता उद्यमिता का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों को शुरुआत से ही इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप से जोड़ने का समर्थन किया। बताया कि प्रदेश का कोई भी स्कूली विद्यार्थी अगर चाहे तो भारत सरकार द्वारा रूंगटा यूनिवर्सिटी में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर में पंजीयन करा सकता है। यहां उनकी उम्र नहीं देखी जाएगी, बल्कि उनका आंत्रप्रेन्योरशिप के लिए पहल मायने रखेगी। स्कूली छात्रों को इंडस्ट्रीज के विभिन्न नामी एक्सपर्ट्स के साथ मिलने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी रुचि में बढ़ोतरी होगी। वे नौकरी के बजाए बिजनेस को महत्व देने लगेंगे। इस कार्यक्रम में रूबी के सीईओ जी. वेणुगोपाल ने नवाचार को शिक्षा की मूल भावना बताया।



#### देखी गूगल और माइक्रोसॉफ्ट लैब



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, डिजाइन थिंकिंग अभ्यासों और केस स्टडीज के माध्यम से नवाचार के क्यों, क्या और कैसे पर गहराई से चर्चा की। प्रतिभागियों ने अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण भी किया, जिसमें ड्रोन लैब, गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट लैब व रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब शामिल थे। अंत में कार्यशाला के संयोजक डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. रामकृष्ण राठौर ने आभार प्रस्तुत किया। यह कार्यशाला न केवल प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक रही, बल्कि यह देशभर में शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता की नई दिशा तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इस कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में भारतीय राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया।

## औषधीय पौधों के उपयोग और पारंपरिक उपचार पर दिया जोर



**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट ने संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन डेंटल ऑडिटोरियम भिलाई में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश थे। उन्होंने आज की शिक्षा और शोध प्रणाली में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता पर विचारोत्तेजक व्याख्यान दिए।

डॉ. साकेत रुंगटा निदेशक एसआरजीआई ने स्वागत भाषण में एफडीपी कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक शिक्षा से जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया। प्रो. प्रकाश ने छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के उपयोग, पारंपरिक उपचार प्रणालियों में उनके योगदान और सतत स्वास्थ्य देखभाल में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सभ्यता में मानव संबंधों और सामाजिक बंधनों के महत्व पर भी बल दिया, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की, जिसमें समग्र शिक्षा, कौशल विकास, और मूल्य-आधारित शिक्षा को एकीकृत करने के उद्देश्यों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता आईआईटी भिलाई और एसआरजीआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर था। इसका उद्देश्य अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करना, शोध साझेदारी को बढ़ावा देना और छात्रों एवं फैकल्टी के लिए नवाचार-आधारित शिक्षण अवसरों को प्रोत्साहित करना था। डॉ. श्रीकांत बुर्जे निदेशक शैक्षणिक एसआरजीआई ने प्रो. राजीव प्रकाश को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### भरतनाट्यम में आद्या ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती समारोह के उद्घाटन अवसर पर शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की प्रस्तुति भिलाई की आद्या पाण्डेय द्वारा दी गई। जिसमें शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। नृत्य को खूब सराहा गया एवं नृत्यांगना ने ऐसा समा बांधा कि हर कोई तालियों के साथ स्वागत किया।आद्या पाण्डेय ने अपने नृत्य के माध्यम से तीन देवी माता के विवरण को दर्शाया। देवी कौथुवम्- भरतनाट्यम की एक पारंपरिक रचना, जो मां शक्ति को समर्पित है को प्रस्तुत किया, जिसमें देवी के सौम्य और शक्तिशाली दोनों रूपों का सुंदर संगम देखने को मिलता है।

### हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी से आईपीएस संतोष को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**भिलाई।** पुलिस मुख्यालय में डीआईजी सीसीटीएनएस, एससीआरबी के रूप में पदस्थ आईपीएस डॉ. संतोष सिंह के संयुक्त राष्ट्र के शांति सुदृढ़ीकरण से जुड़े शोध विषय पर लिखित किताब का प्रकाशन दिल्ली के प्रतिष्ठित मानक पब्लिकेशन द्वारा किया गया है। डॉ. सिंह ने छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और डीजीपी अरुण देव गौतम को किताब की प्रति भेंट किया।

यह किताब दुनिया भर में चल रहे इन शांति प्रयासों के सिद्धांत और वास्तव में धरातल पर हो रहे कार्यों की समालोचना करती है। श्री सिंह की यह किताब विदेशनीति के नीति-निर्धाताओं, प्रैक्टीसनर्स व छात्रों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगा। देश के अंदर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में भी स्थाई शांति स्थापित करने के लिए आवश्यक तत्वों की समझ बढ़ाने में मदद करेगा।

श्री सिंह ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉक्टरेट की डिग्री और जेएनयू नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय में एमफिल और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी बीएचयू वाराणसी से राजनीतिशास्त्र में एमए किया है। एम फिल दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों की भागीदारी पर उन्होंने शोध-प्रबन्ध लिखा था। उनके विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नल में उनके अनेकों शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं।

14 जून 2018 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी आधारशिला

# आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह आज, 269 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री, जिसमें 152 को बीटेक स्नातक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई अपने परिसर के नालंदा हॉल में 10 नवंबर को 5वें दीक्षांत समारोह की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दीक्षांत समारोह में 2025 में स्नातक होने वाले 269 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। बैच 2025 के स्नातक छात्रों में 25 पीएचडी, 24 एमएससी, 58 एमटेक, 10 बीटेक (ऑनर्स) और 152 बीटेक स्नातक शामिल हैं। संस्थान स्वर्ण पदक अपने बैच में उच्चतम सीजीपीए वाले बीटेक छात्र को प्रदान किया जाएगा, जबकि निदेशक स्वर्ण पदक बीटेक और एमटेक छात्रों को शैक्षणिक और पाठ्येतर दोनों क्षेत्रों में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाएगा। बीटेक, बीटेक (ऑनर्स) और एमएससी में समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला छात्र को उत्कृष्ट महिला छात्र के लिए निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न शाखाओं और कार्यक्रमों में उच्चतम सी. जी. पी. ए. प्राप्त करने वाले छात्रों को सीनेट पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।



#### जम्मू कश्मीर के राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। विनोद बहेटी, डब्ल्यूटीडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष समारोह की अध्यक्षता करेंगे। भारत सरकार की पहल के अनुरूप, डिजिटल इंडिया, आईआईटी भिलाई एक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में अपने छात्रों को डिजिटल डिग्री प्रमाणपत्र भी प्रदान करता है। डिजिटल डिग्री प्रमाणपत्र भारत में किसी शैक्षणिक संस्थान में लागू किया जाने वाला अपनी तरह का पहला प्रमाणपत्र है। हस्ताक्षरकर्ताओं द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित डिग्री प्रमाण पत्र दीक्षांत समारोह के दिन पेन-ड्राइव में स्नातकों को प्रस्तुत किया जाएगा।

#### आईआईटी भिलाई का सफरनामा

आईआईटी भिलाई ने 7 अगस्त 2016 को भारत सरकार के तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और छत्तीसगढ़ सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा उद्घाटन के साथ अपनी यात्रा शुरू की। इस संस्थान की आधारशिला 14 जून 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी थी। संस्थान का अत्याधुनिक स्थायी परिसर 20 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के चरण 'बी' निर्माण की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर 2025 को एक आभासी समारोह में रखी।

## सिटी इवेंट

# भिलाई में सेल क्रिकेट चैम्पियनशिप कल से शुरू



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल के निगमित कार्यालय के मार्गदर्शन में सेल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सेवाएं द्वारा 10 से 15 नवम्बर तक भिलाई में आयोजित किया जा रहा हैं।

- **प्रकृति और संस्कृति सहेजने दिया संदेश**

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार की सुबह साढ़े 8 बजे क्रिकेट ग्राउंड, सेक्टर 10 में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का समापन 15 नवम्बर की शाम 5 बजे सेक्टर -1 क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान भिलाई इस्पात संयंत्र सहित कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 20-20 ओवर के मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिदिन 2-2 मैच होंगे। फायनल सहित कुल 18 मैच खेले जायेंगे। सुबह मैच 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक और दूसरा मैच दोपहर 1 बजे से साढे.4 बजे तक खेला जायेगा। प्रतियोगिता में सेल की सभी इकाइयों बोकारो, दुर्गापुर, राउरकेला, इस्को बर्नपुर आरडीसीआईएस, सेल निगमित कार्यालय, वीआईएसएल, सी एफ पी चंद्रपुर, सेलम इस्पात की 11 टीमें भाग ले रही हैं।

● जपजी साहिब के चालीस पाठों का समापन

# झूलेलाल की आरती, पल्लव और अरदास कर एकता की मिसाल पेश करते हुए निकाली गई प्रभात फेरी

**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज द्वारा साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड में जपजी साहिब के चालीस पाठों के समापन अवसर पर प्रकृति और संस्कृति को सहेजने का संदेश देते हुए सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक जयंती पर्व पर प्रभात फेरी निकाली गई और कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए हाउसिंग बोर्ड सिख समाज ने हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज का सम्मान किया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किये गए। जिसके अंतर्गत नृत्य और भजनों के माध्यम से गुरु नानक देव के बताए राह पर चलने और मानवता को जीवित रखने की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। आयोजन का समापन साईं झूलेलाल देव की आरती, पल्लव और अरदास कर की गई। पावर हाउस में महाभंडारे में काफी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज द्वारा पिछले 61 वर्षों से उनके पूर्वजों द्वारा चली आ रही परंपरा के अनुसार साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में श्री गुरु नानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह पहले सत्र के कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रभात फेरी प्रार्थनाओं, भजनों एवं नारों द्वारा सत्य, अहिंसा, एकता, प्रेम, भाईचारे का संदेश देते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सात्विकता का प्रतीक सफेद वस्त्र और अज्ञानता से ज्ञान तक पहुंचाने के लिए पीले वस्त्रों के ड्रेस कोड की थीम पर आमंत्रित श्रद्धालुओं के घरों पर प्रभात फेरी पहुंची। जहां पर विश्व आरोग्य एवं वैश्विक एकता के साथ सभी की कुशलता और सुख-सौभाग्य के लिए अरदास की गई।





### सरोपा पहनाकर किया सम्मानित

इस वर्ष पहली बार प्रभात फेरी के समापन पर कौमी एकता की मिसाल पेश करते हए अनूठी पहल के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड सिख समाज के द्वारा हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज का हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे में स्वागत और सम्मान किया गया। जिसमें गुरुद्वारा गुरु अरजन देव के अध्यक्ष जसबीर सिंह द्वारा हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सांस्कृतिक सचिव हरीश लालवानी महासचिव अनिल थारवानी, महिला मंडल की लता मेहरचंदानी, कमला भगत, वंदना कृष्णानी को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया।



### आरती पल्लव और अरदास कर हुआ समापन

साईं झूलेलाल धाम में प्रकृति और संस्कृति को सहजने का संदेश देते हुए आयोजन किये गए। इस दौरान गुरु नानक देव के संदेशों का अनुसरण करते हुए उनके जन्मोत्सव पर धन गुरुनानक देव के जयकारे लगाये और सुबह के कार्यक्रमों का समापन करते हुए साईं झूलेलाल देव की आरती पल्लव और अरदास की गई।

### महाभंडारे में उमड़ी भीड़

इस प्रकार के सन्देशप्रद आयोजन में कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, संरक्षक गिरीश कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत एवं उनकी समिति के सभी मेंबरों की उपस्थिति रही। पावर हाउस सिंधी पंचायत में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए साथ ही दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज माखीजा, चंदू आहूजा, मनोज आहूजा, पवन छाबड़िया, कमल हेमनानी, राजू नंदवानी, प्रकाश गुरलानी, रमेश मलगानी, गोपीचंद राजपलानी, अजीत धनकानी, मनोज होतचंदानी उपस्थित थे।

### जपजी साहिब के चालीस पाठों का समापन

दूसरे चरण के कार्यक्रमों की कड़ी में शाम को महिला मंडल और आदर्श सिंध ब्रादर मंडल द्वारा 17 अक्टूबर से रोज सुबह-शाम पढ़े जा रहे दो पाठों के जपजी साहिब के चालीस पाठों का समापन भी हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनीष जगयासी आर्केस्ट्रा द्वारा प्रकृति को सहेजने और संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश भजनों द्वारा दिया गया। इसी कड़ी में गुरु नानक देव के संदेशों की प्रेरणा देने वाले नृत्यों की शानदार प्रस्तुति एकता थारवानी और आयुषी लालवानी द्वारा दी गई। समाज के लिए विशेष सेवाएं देने के लिए समाज की धरोहर व जोन अध्यक्षों को भी गुरुनानक देव के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और हमेशा सेवा कार्यों में आगे रहने के लिए समर्पित युवा सुमन थारवानी, आशा आहूजा, कंचन वीरवानी, अलका थारवानी, निकिता लालवानी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## धर्म लाइव

# हस्तशिल्प कलाकार ललेश्वरी ने बढ़ाया जिले का मान



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह से गुरुवार को महिला उत्थान के लिए काम करने और हस्तशिल्प के लिए मिनीमाता सम्मान ग्रहण करने वाले ललेश्वरी साहू ने मुलाकात की। उन्होंने सम्मान पत्र और स्मारिका अवलोकन कराया। कलेक्टर ने ललेश्वरी साहू को उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। ललेश्वरी साहू को महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए शासन द्वारा वर्ष 2025 का मिनीमाता सम्मान से नवाजा गया है। ललेश्वरी साहू का योगदान धान शिल्प, लेखन, महिला उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, युवा कैरियर गाइड्स, समाज सेवा तथा महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में रहा है। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कई महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

उन्हें अब तक अनेक राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। जिनमें राष्ट्रीय कला साधक पुरस्कार 2023, अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती कला साधक का सम्मान, सोशल अचीवर अवार्ड 2024, सरकार से समृद्धि सम्मान, महिला सशक्तिकरण सम्मान, उत्कृष्ट स्वच्छता प्रहरी सम्मान, विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर वन व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सम्मान तथा शहीद वीर नारायण तिरंगा अवार्ड 2023 प्रमुख है।

## 700 श्लोकों पर बन रही पेंटिंग

# उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में मॉडर्न आर्ट चित्रकार की पेंटिंग का चयन



**भिलाई।** मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी की पेंटिंग का चयन राष्ट्रीय कालिदास समारोह उज्जैन में हुआ है। वर्तमान में देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों के पेंटिंग की प्रदर्शनी यहां जारी है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य से वे पहले कलाकार हैं जिनका चयन इस प्रतिष्ठित समारोह में हुआ है। वहीं कालिदास अकादमी ने उनकी पेंटिंग को आमंत्रण पत्र पर प्रकाशित करके उनकी कला को विशिष्ट सम्मान दिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी अपनी शोख एवं चटख रंग की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं। डीएस विद्यार्थी भारतीय पारंपरिक कला गीता के 700 श्लोकों पर भी पेंटिंग बना रहे हैं।

उज्जैन का कालिदास समारोह अपने भारतीय पारंपरिक कला के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस वर्ष यहां महाकवि कालिदास रचित प्रसिद्ध नाटक मालविकाग्निमित्रम पर चित्र और मूर्ति बनाने के लिए कलाकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। जिसमें विद्यार्थी ने विषयानुकूल अत्यंत ही मनोहारी पेंटिंग का चित्रण किया है। डीएस विद्यार्थी भारतीय पारंपरिक कला गीता के 700 श्लोकों पर भी पेंटिंग बना रहे हैं। अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन वे देश के अनेक शहरों में करते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वे वर्षों से बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं। उन्हें अनेक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हैं। उनकी पेंटिंग का चयन होने पर चित्रकार बी.एल. सोनी, मूर्तिकार मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, साहित्यकार मेनका वर्मा एवं ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेंबर डा. अंकुश देवांगन ने बधाई दी है।

## सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन

# भारतीय स्वतंत्रता का वंदे मातरम ऊर्जा का मंत्र बना-भानु जी राव



**भिलाई।** कवि बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखित गीत वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा के तत्वावधान में सेक्टर 6 भिलाई आर्य समाज विद्यालय के सभागार में देशभक्ति को जागरूक करने वंदे मातरम सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं संगठन के कार्यकर्ता एवं गीत वितरण कला केंद्र के सदस्य और कलाकार शामिल हुए।

संगठन के महामंत्री मनोज ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया सलूट तिरंगा के अंतर्गत पूरे देश में यह आयोजन किया जा रहा है। मां भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा संपूर्ण गीत वंदे मातरम को सभागार में उपस्थित सभी छात्रों-छात्राओं, खिलाड़ी, युवा, शिक्षक और विद्वानों ने सामूहिक रूप से गायन किया। इस अवसर पर प्राचार्य अंजू ठाकुर, राष्ट्रवादी विचारक भानु राव, संयोजक मनोज ठाकरे, गीत वितान कला केंद्र के सचिव मिथुन दास, अंतर्राष्ट्रीय वैद्य डॉक्टर गणेश पांडे द्वारा शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलन कर मां भारती के तेल्यचित्र पर माल्यार्पण कर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

वंदे मातरम गीत को सभी ने राष्ट्रीयता के बड़े भाव से बड़े उत्साह के साथ कक्षा एक से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी विचारक भानु राव ने कहा कि वंदे मातरम भारत की आजादी का मंत्र है। वंदे मातरम गीत के विषय पर जानकारी देते हुए प्राचार्य अंजू ठाकुर, मिथुन दास ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर आर्य समाज के आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री ने भी वंदे मातरम के महत्व को बहुत ही सारगर्भित तरीके से बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रशांत कुमार क्षीरसागर, आदित्य टंडन, संगीता लहरी, प्रदीप मिश्रा, जयश्री मजूंमदार, अरुण, सुचिता, प्रिंसिपल अंजू गुप्ता, सीमा कुलधाले, शकुंतला द्विवेदी, रीता राज सहित स्कूली छात्र-छात्राएं और युवा उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

# साइकिल पाकर खिले आत्मानंद स्कूल के बच्चों के चेहरे



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 6 भिलाई में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 9 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस योजना के तहत जरूरतमंद नौवीं क्लास के छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल सेक्टर 6 के एसएमडीसी अध्यक्ष रजनीकांत पाण्डेय, प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने बच्चों को साइकिल की चाबी सौंपते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अपने स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन करो। साथ ही उन्होंने शासन की इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बालिकाओं की पालक, स्कूल की शिक्षिकाएं, एसएमडीसी के सदस्य पंकज सोनी एवं अंजलि पटनायक उपस्थित थी।

## अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

# छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति पर निबंध चित्रकला, फैंसी ड्रेस व रंगोली स्पर्धा का आयोजन



कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में निबंध, चित्रकला, रंगोली, छत्तीसगढ़ की जनजातीय नृत्य एवं छत्तीसगढ़ की जनजातीय परिधान एवं उससे संबंधित जाति का परिचय विधाओं में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य थीम जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान था। आयोजन का शुभ आरंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन की सार्थकता एवं महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आयोजन हमें जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत से परिचित कराने एवं छत्तीसगढ़ के विकास में उनके ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदानों को समझने में मील का पत्थर साबित होगा।



### जनजातीय परिधान पहनकर आकर्षक दिखे प्रतिभागी

कार्यक्रम के अंतिम कड़ी के रूप में छत्तीसगढ़ की जनजातीय परिधान एवं उससे संबंधित जाति का परिचय थीम पर जनजातीय परिधान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 20 प्रतिभागियों ने परिधान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातीय संस्कृति को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज एवं उनकी संस्कृति से भली-भांति परिचित हो पाये। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. जी.एस. ठाकुर ने विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया।



### मनमोहक रंगोली की दिखी झलक

आयोजन के प्रथम दिन निबंध, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। "छत्तीसगढ़ का जनजातीय समाजः कल, आज और कलष विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के 13 महाविद्यालयों से कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय "छत्तीसगढ़ के जनजातीय नायकष था, जिसके अंतर्गत 12 महाविद्यालयों से कुल 24 विद्यार्थियों ने जनजातीय नायकों के मनोरम चित्र बनाये। प्रथम दिन आयोजन के केन्द्र में रहा रंगोली प्रतियोगिता जिसका विषय था छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति। विभिन्न महाविद्यालयों से आये कुल 17 प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति को रंगोली के माध्यम से उकेरा। प्रतियोगिता के द्वितीय दिन छत्तीसगढ़ की जनजातीय नृत्य पर आधारित प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपने सधे हुए लय, ताल एवं अंग संचालन से विभिन्न जनजातीय नृत्यों की मनोरम प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से प्रतिभागियों ने न केवल जनजातीय संस्कृति की सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति दी, अपितु उन्होंने वन संरक्षण एवं आपसी संबंधों के महत्व को रेखांकित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस में छत्तीसगढ़ को दोहरा कांस्य पदक



**रायपुर।** श्रीनगर जम्मू कश्मीर में एक से छह नवंबर तक आयोजित 22 वीं सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में 25 राज्यों की टीम ने भाग लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ बालिका सॉफ्ट टेनिस टीम को पहले मैच में हरियाणा के नहीं आने से वॉक ओवर मिला। दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने जम्मू-कश्मीर की टीम को सिंगल और डबल में तीन शून्य से हराया और टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने गुजरात को फर्स्ट डबल में 3-0 से हराया परन्तु सिंगल में छत्तीसगढ़ की अफशां 2-1 से परास्त हो गयी। रिवर्स डबल में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने गुजरात की टीम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने तमिलनाडु से डबल और सिंगल हार कर कांस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ बालिका टीम में चंचल सारथी, जितेशवरी साहू, पुर्णिमा फरिकार, यामिनी निषाद, बरखा रानी गौड़,दिलेश्वरी तांडी, अफशां और रीमा थी। इसी तरह मिक्स टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ बालक और बालिका टीम अपने पहले मैच में आंध्रप्रदेश के विरुद्ध दोनों डबल जीत कर क्वाटर फाइनल में पहुंचीं। यहां छत्तीसगढ़ बालक और बालिकाओं ने महाराष्ट्र को हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बालको को बिहार ने पहले डबल में परास्त कर बढत बना ली। फिर छत्तीसगढ़ बालिकाओं ने बिहार की बालिकाओं को डबल में हराकर मैच को बराबरी में ला दिया। किन्तु मिक्स डबल में छत्तीसगढ़ टीम परास्त हो कर कांस्य पदक हासिल कर पाई। यह जानकारी सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद सिंह ठाकुर ने दी टीम के कोच दिलीप विश्वकर्मा और रवि शंकर धनगर थे। सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक प्राप्त करने पर अध्यक्ष अनिल पुसदकर, रुपेन्द्र सिंह चौहान, संजय शुक्ला, उमेश सिंह ठाकुर और अजय राय ने हर्ष जताया है।

### रायगढ़ एवं जांजगीर अंडर-14 के फाइनल में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल मैच के मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम दुर्ग के विरुद्ध रायगढ़ ने 75 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम 167 रन पर आउट हो गई। अनमोल भारती ने नॉट आउट 71 रन और शौर्य पांडे ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के विशाल मेहता ने 3 विकेट लिए। बल्लेबाजी में दुर्ग की टीम 92 रन पर आउट रही। हितेश देवांगन ने नॉट आउट 45 रन बनाए। गेंदबाजी में रायगढ़ के चंद्र प्रकाश साहू ने तीन विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में दूसरे सेमी फाइनल में टीम धमतरी के विरुद्ध जांजगीर चांपा ने 11 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा की टीम 137 रन पर आउट हो गई। अमन ओरान ने नॉट आउट 49 रन बनाए। गेंदबाजी में धमतरी के कृष चंदन ने पांच विकेट लिए। बल्लेबाजी में धमतरी की टीम 126 रन पर आउट हुई। प्रिंस कुमार ने 48 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के मोहम्मद असद ने पांच विकेट लिए। फाइनल मैच 9 नवंबर रविवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा के मध्य खेला जाएगा।

### भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम का चयन हुआ दिल्ली में



**भिलाई।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में एवं दिल्ली बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम ( पुरूष व महिला ) के चयन के लिए दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता (ट्रायल) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकासपुरी,दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 200 पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर चयनित पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व भारत, नेपाल,मलेशिया, श्रीलंका में आयोजित होने वाली विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में करेंगे। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने आज भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के दिल्ली स्थित आवास पर मिलकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों को आने वाले अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के महासचिव वाई.राजा राव,संरक्षक जेपी व्यास, संयुक्त सचिव गौरी शंकर, शौकत अली मंसूरी, दिल्ली बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव अनूप कुमार उपस्थित थे।

सामान्य सर्दी खांसी लंबे समय तक चले तो उचित परामर्श लेना जरूरी

# इस मौसम की कैसी भी सर्दी-खांसी को हल्के में ना लें, हो सकता है निमोनिया

निमोनिया एक फेफड़े का संक्रमण है जो इलाज न मिलने पर गंभीर हो जाता है। यहां जानिए निमोनिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं। निमोनिया की समस्या से तो आप सब वाकिफ होंगे। ज्यादातर ये छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। बचपन में शायद आप भी इससे गुजरे हों। ये सांस से जुड़ा एक गंभीर रोग है जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का प्रमुख संक्रामक कारण बना हुआ है। लेकिन ये किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। खासकर जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। वहीं अक्सर लोगों का सवाल होता है कि आखिर कैसे नॉर्मल सर्दी खांसी निमोनिया का रूप ले लेती है। इस बारे में पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन अस्पताल नई दिल्ली की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. नीतू जैन जानकारी दे रही हैं।



### नॉर्मल सर्दी खांसी कैसे बन जाती है निमोनिया?


एक्सपर्ट के मुताबिक मौसम में बदलाव, वायरल इंफेक्शन,धूल मिट्टी से एलर्जी के कारण खांसी होती है। अगर ये खांसी 1 हफ्ते से ज्यादा रहती है तो निमोनिया में बदल जाती है। दरअसल रेस्पिरेटरी ट्रैक एक होता है जो नाक से शुरु होते हुए लंग्स तक पहुंचता है। अगर कोई इंफेक्शन नेजल ट्रैक में रहता है और उसका इलाज नहीं क्या जाता है तो वो इंफेक्शन नेजल ट्रैक सो होते हुए फेफड़ों तक पहुंच जाता है। जिसकी इम्यूनिटी कमजोर होती है उनके फेफड़ों में संक्रमण होने लगता है। वायरस, बैक्टीरिया और फफूंद के कारण फेफड़ों में सूजन हो जाता है। फेफड़ों में हवा की थैली मवाद से भर जाती है और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है।



कई बार लोग सामान्य सर्दी जुकाम समझ कर छोड़ देते हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति की जान चली जाती है। ऐसे में जरूरी है कि जब भी किसी को सर्दी खांसी की शिकायत हो तो लक्षणों को पहचानकर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

### निमोनिया के लक्षण

निमोनिया में सांस तेज चलती है सांस लेने में तकलीफ होती है सांस लेते वक्त घरघराहट की आवाज आती है कफ या बलगम वाली खांसी होती है बलगम का रंग पीला होता है कभी कभी खून के छींटे भी आ सकते हैं (बलगम से छुटकारा पाने के उपाय) पसलियों या सीने में दर्द रहता है तेज ठंड के साथ बुखार आ जाता है।



## टेटे में विशाल, अर्जुन, समाया और हर्ष बनें विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 में का आयोजन 4 से 7 नवंबर तक किया गया। आखिरी दिन सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर(अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग संपन्न हुयी। जिसमें सीनियर पुरुष एकल वर्ग तथा जूनियर(अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के सहायक महाप्रबंधक सुनित कुमार राणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग के पूर्व इंटरनेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी पंकज सतपती ने की । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, अयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर केमुख्य प्रबंधक पंकज कुमार वर्मा, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं प्रदीप जोशी उपस्थित थे । मंच संचालन एन.जे. राव ने किया। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता - विशाल डेकाटे (रायपुर), उपविजेता - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) 4-2 यूथ अंडर-17 (जूनियर) एकल बालक वर्गमें में विजेता - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता - आर्यन कुमार सिंह (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-17 (जूनियर) एकल बालिका वर्गमें विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - वेदी कछवाहा (रायपुर) 3-2 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालक वर्गमें विजेता - हर्षवर्धन सिंह (बिलासपुर), उपविजेता- शिखर बागड़े (दुर्ग) 3-0 यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल बालिका वर्ग में विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - अक्षिता बीनू (बिलासपुर) 3-1 प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, अजीत बेनर्जी और पी.एन. मजूमदार थे।

■ 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

## रणजी में छत्तीसगढ़ की शानदार पारी

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08 - 11 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में पुडुच्चेरी टीम के विरुद्ध खेला गया। प्रथम दिवस पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 86 ओवरों में 4 विकेट खोकर 201 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने 69 रन बनाये।



वहीं प्रांरभिक बल्लेबाज आयुष पांडे ने 45 रन बनाये तथा कप्तान अमनदीप खरे ने 41 रन बनाए। दिन की समाप्ति तक मयंक वर्मा 31 रन बनाकर क्रिज पर डटे हुये है। पुडुच्चेरी की ओर से पुनित दाते ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिये हैं।



## कूलडाउन करते समय न करें ये गलतियां, वरना मसल्स रिकवरी हो सकती है स्लो

वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है।

कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं। कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो।



### इसलिए कूलडाउन के समय नीचे दी हुई गलतियां करने से बचें

ज्योफ ट्रिप, सीएससीएस ट्रेनियाक में फिटनेस साइंस के हेड के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं।

एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें।

यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें, जिसमें स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग शामिल हों। वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है।

लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे। उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।



कार्नर न्यूज

वास्तु के उपाय से आप ला सकते हैं अच्छे दिन

# जीवन में सुख-समृद्धि लाते हैं वास्तु के ये आसान उपाय, घर में भी आती है खुशहाली

अक्सर वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर का निर्माण कराया जाता है। साथ ही घर की सभी चीजों को वास्तु के आधार पर ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यदि वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार कार्य ना किए जाएं तो घर में कलेश व आर्थिक तंगी बनी रहती हैं। हमारे आसपास रखी चीजें हमारे जीवन पर प्रभाव डालती हैं। वास्तु का सीधा संपर्क हमारे जीवन से जुड़ा होता है। कई बार हम कुछ ऐसे सामान की खरीदारी कर लेते हैं, जिन्हें वास्तु शास्त्र में अशुभ माना गया है। कई बार ये चीजें हमारी तरक्की के मार्ग में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर में रखी सभी चीजों को वास्तु के अनुसार रखा जाएं। ऐसा करने से तरक्की के नए मार्ग खुल सकते हैं। क्योंकि ऐसा माना जाता है वास्तु के नियमों का पालन करने से तरक्की के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि वास्तु के किन उपायों के करने से तरक्की के मार्ग खुल जाते हैं।

### तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में पेड़-पौधों को लगाना शुभ माना गया है।



हालांकि, इनमें तुलसी का अहम स्थान है। दरअसल वास्तु के मुताबिक हर घर में तुलसी का पेड़ होना बेहद जरूरी हैं। कहा जाता है कि जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है, वहां पर खुशहाली रहती हैं।

### घी का दीपक

वास्तु शास्त्र के अनुसार, सभी को अपने घर या दुकान के पूजा स्थल पर रोजाना घी का दीपक जलाना चाहिए। इसके अलावा शाम की पूजा के दौरान कपूर जलाकर आरती करनी चाहिए। ऐसा करने से उस स्थान पर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती हैं।

### इस जगह पर न रखें झाड़ू

धार्मिक मान्यता है कि, कभी भी घर के मुख्य द्वार पर झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं। वास्तु शास्त्र में भी इस बात को जिक्र हैं कि, मुख्य द्वार या उसके आस-पास झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इससे घर में कलेश बढ़ता है। साथ ही घर में सुख-शांति नहीं आती है।

### जूठे बर्तन छोड़ना


इंसान को कभी भी रात के जूठे बर्तन रसोईघर में नहीं छोड़ने चाहिए। ऐसा करने से घर में कंगाली आती है। ऐसी मान्यता भी हैं कि, रात के जूठे बर्तन को छोड़ने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं और घर का सुख चैन समाप्त हो जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शादी के बाद सेलेना गोमेज ने रिलीज किया पहला गाना, इंस्टाग्राम पर दिखाई झलक



गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। पीपल के मुताबिक, यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं। वह मुश्किल दौर में प्यार और अपनाए जाने के बारे में गाना गा रही हैं। वह अंग्रेजी में गाना गाती हैं जिसका हिंदी अनुवाद कुछ इस तरह है 'और मैं वहां रहूंगी जब तुम खुद को खो दोगे / तुम्हें याद दिलाने के लिए कि तुम कौन हो / और मैं वहां किसी और की तरह नहीं रहूंगी / तुम अंधेरे में भी खूबसूरत हो।' वीडियो जारी करने के बाद, गोमेज ने इंस्टाग्राम पर इस गाने की एक छोटी क्लिप साझा किया और लिखा, ''इन द डार्क' अब रिलीज हो गया है। यह बस पुरानी यादों की एक छोटी सी बूंद है। मुझे उम्मीद है कि आपको यह पसंद आएगी। आपको बता दें कि हाल ही में सेलेना गोमेज अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में रही थीं। उन्होंने 27 सितंबर को अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको से शादी की थी। सेलेना ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। दोनों ने दिसंबर 2024 में सगाई की थी।

### टॉलीवुड

## बॉडी शेमिंग की घटना पर गौरी बोलीं- मेल एक्टर से पूछते ऐसा सवाल?



मनोरंजन की चमक-दमक भरी दुनिया के पीछे कई बार ऐसे किस्से छिपे होते हैं जो समाज की सोच पर बड़ा सवाल खड़ा कर देते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री गौरी किशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुए एक अपमानजनक अनुभव के बाद आवाज उठाई। दरअसल, उनकी नई फिल्म 'अदर्स' के प्रमोशन के दौरान एक पत्रकार ने उनके वजन को लेकर सवाल पूछ लिया और यही सवाल सोशल मीडिया पर बहस का बड़ा मुद्दा बन गया। इसके बाद गौरी किशन ने एक विस्तृत बयान जारी किया जिसमें उन्होंने लिखा कि वो समझती हैं कि एक पब्लिक फिगर के रूप में उन पर लोगों की नजर रहती है, लेकिन किसी के शरीर को लेकर टिप्पणी करना या सवाल उठाना किसी भी संदर्भ में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा- 'काश मुझसे मेरे किरदार या अभिनय की तैयारी पर सवाल पूछे जाते। मैं सोचती हूं, क्या किसी पुरुष अभिनेता से ऐसा सवाल पूछा जाता?' उन्होंने अपने बयान में लोगों से आग्रह भी किया कि इस घटना को नफरत फैलाने का जरिया न बनाएं, बल्कि एक सीख की तरह लें। गौरी ने कहा कि अब वक्त है जब पत्रकारिता और पब्लिक इवेंट्स में संवेदनशीलता और सम्मान को प्राथमिकता दी जाए। दरअसल पूरा मामला तब शुरू हुआ जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभिनेत्री को लेकर एक सवाल किया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह सवाल फिल्म या किरदार से जुड़ा नहीं था, बल्कि एक पुरुष सह-कलाकार से पूछा गया कि 'आपको गौरी को उठाने में परेशानी तो नहीं हुई?' इस टिप्पणी ने गौरी को न सिर्फ असहज किया, बल्कि उन्होंने तुरंत मंच पर ही अपनी बात रखने का साहस दिखाया। उन्होंने मुस्कराते हुए लेकिन तीखे शब्दों में जवाब देते हुए कहा- 'मेरे वजन से आपको क्या लेना-देना? क्या यह फिल्म का हिस्सा है?

### भोजपुरी

## चुनाव प्रचार के बीच रोमांस करते दिखे पवन, एक्शन और स्वैग से जीता दिल



इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल है। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। इस बीच उन्हें रोमांस करते देखा गया। असल में एक्टर का नया गाना रिलीज हुआ है। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से प्रचार में जुटे हैं। रैलियों और रोड शो के बीच पावर स्टार का नया गाना 'एक बिहारी सौ पे भारी' रिलीज हुआ है। इस गाने में वे एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। साथ ही रोमांस का तड़का भी लगाया है। पवन सिंह का गाना 'एक बिहारी सौ पे भारी' आज मंगलवार को वेव म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इसे पवन सिंह और गोल्डी यादव ने गाया है। यह गाना पवन सिंह और अभिनेत्री रुबा खान पर फिल्माया गया है। इस गाने के बोल राजकुमार प्रियदर्शी ने लिखे हैं। पवन सिंह के इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में पवन सिंह का स्वैग देखने लायक है। हाथ में बंदूक थामे और मुंह में फूल दबाए वे एक्शन और रोमांस दोनों अंदाज से दिल जीत रहे हैं। पवन सिंह और रुबा खान की केमिस्ट्री भी शानदार है। गाने को दर्शकों से अच्छे रिएक्शन मिल रहे हैं। 'एक बिहारी सौ पे भारी' सॉन्ग से पहले पवन सिंह का हाल ही में चुनावी थीम वाला सॉन्ग 'जोड़ी मोदी नितीश के हिट होई' भी खूब चर्चा में रहा। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी की तारीफ की।




2025 पुरुषों के फ़ैशन ट्रेंड पर नजर डालें तो मॉडल लुई गेब्रियल नूची, केंज़ो और टॉड स्नाइडर की अदाएं पसंद आ सकती है। आज टॉड स्नाइडर से लेकर लुई गेब्रियल नूची और केंज़ो तक बरमूडा शॉर्ट्स का चलन रहा है। यह हाल के सीज़न में बमुश्किल दिखने वाले कट में घुटनों से नीचे तक कुछ इंच जोड़ देते हैं। हालाँकि, ये बीते दौर के बरमूडा नहीं हैं। चमड़े और ऊनी कपड़े इसके विशाल आकार को और भी उभार देते हैं।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क

अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा। आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है। इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट



भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा।

### लेयरिंग से बनेगी बात

टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें। शर्ट के ऊपरी बटन खोल लें ताकि टीशर्ट का पैटर्न अच्छे से नजर आ सके।

### ऑल ब्लैक लुक और व्हाइट टीशर्ट

आपके पास व्हाइट टीशर्ट तो होगी ही। इस टीशर्ट को ऑल ब्लैक लुक का सेंटर पॉइंट बनाया जा सकता है। आप ब्लैक जैकेट या लॉन्ग कोट के साथ ब्लैक जींस पहनिए। इसके साथ पहनिए सफेद टीशर्ट, बस हो गया आपका लुक पूरा।

## पार्टी की तैयारी कर दें शुरू, ऐसे आउटफिट देख तारीफ करेगा



ऑफिस एक ऐसी जगह है, जहां हर कोई स्टाइलिश दिखना चाहता है। ऑफिसों में आए दिन कुछ ना कुछ इवेंट भी आयोजित होते रहते हैं, जिसमें हर कोई काफी उत्साह के साथ भाग लेता है। अब मौसम त्योहार का है, जिसकी धूम दिखाई दे रही है। दरअसल, ऑफिस में इस तरह के आउटफिट ही पहनना सही रहता है, जो कंफर्टेबल हों। अगर आपके ऑफिस में भी दिवाली पार्टी है और आप उसमें अपना जलवा दिखाना चाहती हैं तो हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडी आउटफिट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको पसंद भी आएंगे। इस तरह के आउटफिट आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे।



### प्लाजो सेट

पिंक रंग का ऐसा प्लाजो सेट आपको क्लासी दिखने में मदद करेगा। इसे पहनकर आप दफ्तर में भी काफी ज्यादा स्टाइलिश लगेंगी। इसके साथ बालों को खुला रखें और माथे पर एक छोटी सी बिंदू जरूर लगाएं।



### चिकनकारी कुर्ता

अगर आप कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं, जो क्लासी के साथ-साथ आरामदायक हो तो इस तरह का चिकनकारी कुर्ता एक बेहतर विकल्प है। इसके साथ आप चाहें तो लैगिंग्स पहन सकती हैं। प्लाजो भी आपके इस लुक को पूरा करेगा।

### अनारकली सूट

इस तरह का अनारकली सूट आपके एथनिक लुक को ग्लैमरस बना सकता है। इसके साथ बालों को खुला रखें और कानों में ईयररिंग्स जरूर पहनें।


### शरारा सूट

ऑफिस की पार्टी के लिए शरारा सूट सबसे बेहतर विकल्प है। इसे पहनकर आप पार्टी में डांस भी कर सकती हैं। इसके साथ ही इसे पूरे दिन के लिए आप पहन सकती हैं, ये काफी कंफर्टेबल रहता है।

## चेहरा नहीं होगा चिपचिपा जब ऐसे करेंगी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल

बदलते मौसम के कारण अक्सर हमारी स्किन चिपचिपी नजर आती है। लेकिन जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है उनको हमेशा इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से ज्यादातर समय उनकी स्किन डल और बेजान दिखाई देती है। जिस भी प्रोडक्ट का वो इस्तेमाल करती हैं उसको लगाने के बाद स्किन पर और ज्यादा ऑयल आने लगता है। ऐसा तब होता है जब मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आपको यहां बताई गई चीजों का ध्यान रखना पड़ेगा। इससे आपकी स्किन चिपचिपी नजर नहीं आएगी।

अक्सर ऐसा होता है कि मार्केट में जब कोई नया प्रोडक्ट आता है तो हमें जल्दी रहती है कि कैसे भी हम इसका इस्तेमाल करें। शायद इससे स्किन को थोड़ा फायदा मिले। लेकिन ऐसा नहीं है। बल्कि आपको इस बात पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए कि जो भी आप प्रोडक्ट खरीदें वो ऑयल फ्री हो, मैट फिनिश हो या फिर जेल बेस्ड हो। इससे स्किन ऑयली नजर नहीं आती है। जब आप इसे ट्राई करेंगी तो स्किन पर ऑयल भी कम दिखाई देगा। इसी के



साथ किसी भी लुक को अच्छे से क्रिएट कर पाएंगी। जब भी आप किसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल पहली बार करें तो उसकी जानकारी सही तरीके से पढ़ लें। तभी इसका उपयोग स्किन पर करें। स्किन को रखें साफ स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी होता है। वरना स्किन पर धूल मिट्टी के कारण बैक्टीरिया का खतरा होता है। खासकर ऑयली स्किन (ऑयली स्किन केयर टिप्स) वाली महिलाओं को अपनी स्किन हमेशा साफ रखनी चाहिए। इससे स्किन में मौजूद गंदगी, ऑयल और इंप्योरिटी हट जाती है। इसके लिए आप अपनी स्किन टेक्सचर के हिसाब से क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं।


## पतले बालों को घना बनाने आजमाएं आसान उपाय

बालों को हमेशा सुंदरता की पहचान माना जाता है। इसलिए बालों की देखभाल में लापरवाही नहीं करनी चाहिए, लेकिन हमारी गलती के कारण बाल खराब होने लगते हैं। ज्यादातर लोगों को घने और लंबे बाल पसंद होते हैं। क्या आपके भी बाल जरूरत से ज्यादा पतले हो गए हैं? घने बालों के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं।

तनाव की वजह से बाल पतले हो जाते हैं। इसलिए चिंतामुक्त रहें। कलरिंग, हीट स्टाइलिंग टूल्स और स्मूदनिंग जैसे हेयर ट्रीटमेंट के कारण बाल टूटने लगते हैं। हेयर फॉल पतले बालों का कारण है।

बालों के लिए गुड़हल का फूल बेहद फायदेमंद होता है। यह फूल सफेद बालों से लेकर झड़ते बालों की समस्या को कम करने में मदद करता है। गुड़हल का फूल स्कैल्प में ब्लड फ्लो को बढ़ाकर बालों की ग्रोथ में मदद करता है। अगर आपके बाल पतले हो गए हैं, तो आप बालों में इस तरह से गुड़हल के फूल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

सबसे पहले गुड़हल के फूल और पत्तियों को अच्छे से धोकर साफ कर लें। अब मिक्सी में गुड़हल के फूल और पत्ते के साथ 2 चम्मच एलोवेरा जेल और थोड़ा-सा दही डालें। सभी चीजों को मिक्सी में पीस लें। लीजिए तैयार है घने बालों के लिए उपाय। अब इस



पेस्ट को बालों की लंबाई और स्कैल्प लगाएं। करीब आधे घंटे बाद हेयर वॉश कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट के इस्तेमाल से आपको फर्क दिखने लगेगा।

ग्रीन टी शरीर बाल और त्वचा तीनों के लिए फायदेमंद है। ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। घने बालों के लिए बालों में ग्रीन टी से बने मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। ग्रीन टी मास्क बनाने के लिए स्टेप्स फॉलो करें- ग्रीन टी बैग को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। अब ग्रीन टी में नारियल का तेल और ऑलिव ऑयल डालें। लीजिए बन गया ग्रीन टी से हेयर मास्क। इस मास्क से बालों को मसाज करें। खासतौर पर स्कैल्प पर जरूर लगाएं। करीब 10 मिनट बाद ठंडे पानी से हेयर वॉश कर लें। एवोकाडो एक सुपर फूड है। एवोकाडो में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो में विटामिन ई पाया जाता है, जो बालों को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है।

कार्नर न्यूज

### शान का पहनावा माना जाता है टक्सेडो को

## टक्सेडो में स्मार्ट लुक के लिए अपनाएं जरूरी ड्रेसिंग टिप्स, स्टाइल के साथ दिखेंगे कमाल के

टक्सेडो पुरुषों के फॉर्मल पहनावे का जरूरी हिस्सा है। इसे शान का पहनावा भी कहा जाता है। फॉर्मल पहनावे में और ज्यादा स्मार्ट लुक चाहिए हो तो टक्सेडो काफी काम आता है। लेकिन इसको पहनने की कोशिश में कुछ खास बातें जरूर ध्यान कर लें। इन बातों के साथ आपका टक्सेडो लुक बेस्ट दिखेगा। आप भी टक्सेडो को पहली बार पहनने जा रहे हैं या चाहकर भी इनमें बेस्ट लुक नहीं मिल पा रहा है तो आप इन ड्रेसिंग टिप्स को जरूर आजमाइए-

### मिडनाइट ब्लू है ब्लैक से बेहतर

आम तौर पर टक्सेडो ब्लैक कलर का ही चुना जाता है लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि मिडनाइट ब्लू ब्लैक से भी बेहतर होता है। इसके साथ तस्वीरें भी अच्छी आती हैं। इसलिए आप अच्छी फिटिंग वाले टक्सेडो के लिए मिडनाइट ब्लू कलर ही चुनें।

### टक्सेडो के साथ शर्ट

टक्सेडो के साथ शर्ट का चुनाव भी



सोच-समझकर किया जाना चाहिए। टक्सेडो किसी भी रंग का हो इस पर बिल्कुल सफेद शर्ट बहुत अच्छी लगती है। शर्ट के कॉलर भी विंग स्टाइल के होने चाहिए। लेकिन आप बो टाई का चुनाव कर रहे हैं तो विंग को टक जरूर कर लें।

### काले मोजे करेंगे मैच

आप जब भी पैर मोड़ते हैं तो पैंट नीचे से थोड़ी ऊपर उठ जाती है। फिर नीचे झांकते हैं रंग-बिरंगे या बिल्कुल अलग से रंग के मोजे। आपके साथ भी ऐसा न हो इसलिए टक्सेडो के साथ ब्लैक मोजे ही पहनें। इनके साथ आपका टक्सेडो वाला लुक कभी बिगड़ेगा नहीं।

### बो टाई होगी बेस्ट

बहुत से पुरुष टक्सेडो के साथ नेकटाई ही पहनते हैं। लेकिन नेकटाई टक्सेडो पर उतनी सूट नहीं करती है जैसे बो टाई कमाल कर लेती है। टक्सेडो के फेब्रिक से ही बनी काली या मिडनाइट ब्लू कलर की बो टाई आपके लुक को बेस्ट बना देती है।

### पॉकेट स्क्वायर भी हो परफेक्ट

टक्सेडो के साथ पॉकेट स्क्वायर भी सही-सही मैच करना होता है। आप अपने टक्सेडो के साथ सफेद पॉकेट स्क्वायर ही चुनें। इसका फेब्रिक कॉटन या लिनेन का होना चाहिए।

